संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर www.santalexpress.com पर पढ़ें

18 फरवरी 2026, बुधवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 141

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

संताल एक्सप्रेस

डीपफेक पर सख्त नियम जरूरी : अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली । केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि डीपफेक जैसी तकनीक के संदर्भ में सख्त नियम बनाना बेहद जरूरी है, ताकि बच्चों और समाज को इसके खतरों से बचाया जा सके। एआई एक ऐसा साधन है, जिसका उपयोग हर व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की चुनौतियों को हल करने और समाज की जरूरतों के अनुसार समाधान बनाने में कर सकता है।

संक्षिप्त खबरें

तबीयत बिगडने़ के बाद सलीम खान आईसीयू में भर्ती

मुंबई । दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार को मुंबई के लीलावती अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। यह जानकारी एक अंदरूनी सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दी। हालांकि, अभी तक उनके अस्पताल में भर्ती होने की वजह सामने नहीं आई है। सलीम खान की तबीयत बिगडने़ के बाद उनके बेटे और एक्टर सलमान खान समेत परिवार के कई सदस्य हॉस्पिटल पहुंचे। बता दें कि सलीम खान का जन्म 24 नवंबर 1935 को हुआ था और वह हाल ही में 90 साल के हुए हैं। वह हिंदी सिनेमा के चर्चित पटकथा लेखकों में गिने जाते हैं।

राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस रद्द

बेंगलुरु । कर्नाटक हाईकोर्ट ने मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस को रद्द कर दिया। यह मामला 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले 40 प्रतिशत कमीशन वाले कांग्रेस के विज्ञापनों को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर दर्ज हुआ था। करप्शन रेट कार्ड वाले इस विज्ञापन को राहुल गांधी ने भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था। इसके बाद भाजपा नेता केशव प्रसाद ने राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के दौरान विज्ञापनों में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं पर सरकारी ठेकों से 40 प्रतिशत कमीशन लेने का झूठा आरोप लगाया। मामले में कर्नाटक की अदालत ने 23 फरवरी 2024 को सिद्धारमैया, डीके शिवकुमार और राहुल गांधी को समन जारी किया था।

अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने खामोश डायलॉग को लेकर याचिका दायर की

मुंबई । अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा ने खामोश डायलॉग का गलत इस्तेमाल रोकने हेतु बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने अपने बेटे लव सिन्हा के ज़रिए हाई कोर्ट में एक याचिका दाखिल की है। इस याचिका में उन्होंने अपने पर्सनैलिटी राइट्स की रक्षा के लिए कॉपीराइट मामलों में मदद मांगी है। याचिका में उन्होंने अपने नाम, इमेज और अपने मशहूर डायलॉग खामोश के बिना इजाज़त इस्तेमाल को रोकने का आदेश देने की मांग की है। इस याचिका में मेटा, एक्स, गूगल, ई-कॉमर्स वेबसाइट्स, ब्लॉगर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों और केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रसारण विभाग को अनजान लोगों के साथ उत्तरदाता बनाया गया है। याचिका में भारत के संविधान के आर्टिकल 21 के तहत निजता के अधिकार और कॉपीराइट एक्ट के तहत कलाकारों के अधिकारों का आधार बनाते हुए शत्रुघ्न सिन्हा के नाम, इमेज और मशहूर डायलॉग खामोश के बिना इजाज़त इस्तेमाल को रोकने की मांग की गई है। याचिका में उन्होंने कहा कि उनके लंबे करियर से कमाई गई प्रतिष्ठा को सोशल मीडिया पर अलग-अलग जगहों पर नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

नेताओं के भाषणों पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी नसीहत, कहा

माहौल जहरीला हो रहा है, देश में भाईचारा बढ़ाएं

एजेंसी

नई दिल्ली । देश में नेताओं के भाषणों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की है। मंगलवार को एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाने का काम करना चाहिए। कोर्ट ने शिक्षाविद रूप रेखा वर्मा समेत 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश के लिए एक नई याचिका दाखिल करने को कहा है।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस जयमाल्य बागची की बेंच ने मौजूदा जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में नेताओं और मीडिया के लिए गाइडलाइन बनाने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि कुछ नेताओं के भाषण भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल

पेश हुए। उन्होंने कहा कि देश में माहौल जहरीला होता जा रहा है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा के कथित हेट स्पीच के संदर्भ में दायर की गई थी। सिब्बल ने दलील दी कि किसी एक नेता के खिलाफ राहत नहीं मांगी जा रही है, बल्कि भाषणों में जवाबदेही तय करने के लिए गाइडलाइन बनाने का अनुरोध किया गया है।

हालांकि, बेंच कपिल सिब्बल की दलील से सहमत नहीं हुई। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह याचिका एक खास राजनीतिक दल के कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के खिलाफ दिखती है। उन्होंने कहा कि इसे वापस लें। एक दूसरी याचिका दायर करें जिसमें यह बताया जाए कि राजनीतिक दल कैसे नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि वह एक निष्पक्ष याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार है।

जस्टिस नागरत्ना ने की अहम टिप्पणी

सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि राजनीतिक नेताओं को देश में भाईचारा बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर हम गाइडलाइन बना भी दें, तो उनका पालन कौन करेगा? भाषण की उत्पत्ति विचारों से होती है। आप विचारों को कैसे नियंत्रित कर सकते हैं? हमें संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप विचारों को बढ़ावा देना होगा। कपिल सिब्बल ने चुनाव आचार संहिता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होती है, लेकिन उससे पहले दिए गए भाषण सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। उन्होंने पूछा कि ऐसे मामलों में मीडिया की क्या जिम्मेदारी है ताकि लोकतांत्रिक माहौल खराब न हो। जस्टिस बागची ने कहा कि कोर्ट केवल आदेश पारित कर सकता है, लेकिन उन्हें लागू करना एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहले ही कई सिद्धांत तय कर चुका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि इसमें राजनीतिक दलों की भी जिम्मेदारी बनती है, क्योंकि नेता पार्टी का ही सदस्य होता है।

हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए : भागवत

एजेंसी

लखनऊ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि लालच और जबरदस्ती हो रहे मतांतरण पर रोक लगाने की जरूरत है। भागवत में कहा कि घर वापसी का काम तेज होना चाहिए। जो लोग हिंदू धर्म में लौटें, उनका ध्यान भी हमें रखना होगा।

दो दिन के लखनऊ दौरे पर आए मोहन भागवत ने लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सामाजिक सद्भाव बैठक में बढ़ते घुसपैठ पर चिंता जताते हुए कहा कि घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करना होगा। उन्हें रोजगार नहीं देना है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के कम से कम तीन बच्चे होने चाहिए।

यूजीसी गाइडलाइन को लेकर किए गए एक प्रश्न के उत्तर में सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि कानून सभी को मानना चाहिए। यदि कानून गलत है तो बदलने का उपाय भी है। जातियां झगड़े का कारण नहीं बनना चाहिए। समाज में अपनेपन का भाव होगा तो इस तरह की समस्या नहीं होगी। जो नीचे गिरे हैं, उन्हें झुक कर ऊपर उठाना पड़ेगा। सभी अपने हैं, यह भाव मन में होना चाहिए। संघर्ष से नहीं, समन्वय से दुनिया आगे बढ़ती है। एक को दबाकर दूसरे को खड़ा करने का भाव नहीं होना चाहिए।

रांची सहित झारखंड के तमाम शहरों में तापमान बढ़ा

रांची (संवाददाता)। झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में करीब दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है, जिससे दिन में गर्मी का असर महसूस किया जाने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में तापमान में और बदलाव संभव है। मौसम विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, चाईबासा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा जमशेदपुर और डालटेनगंज में क्रमशः 32.1 और 32.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान और उसके आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके साथ ही पंजाब और आसपास के इलाकों में भी निम्न दबाव की स्थिति बनी हुई है। इन मौसमी प्रणालियों का असर झारखंड सहित उत्तर और पूर्वी भारत के कई राज्यों में देखने को मिल सकता है। मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और तेज धूप के कारण दिन में गर्मी का एहसास हुआ।

विधानसभा का बजट सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में सदन के सुचारु संचालन पर बनी सहमति

संवाददाता

रांची । झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 18 फरवरी (बुधवार) से प्रारंभ होने जा रहा है। सत्र के शांतिपूर्ण और व्यवस्थित संचालन को लेकर मंगलवार को विधानसभा परिसर में अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक के बाद विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने बताया कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चले, इसके लिए सभी दलों के नेताओं एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सदन में

प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों, प्रतिवेदनों और अन्य कार्यों से संबंधित सामग्रियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लंबित प्रश्नों के उत्तर समय पर उपलब्ध कराए जाएं, इसके लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।उन्होंने सभी दलों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सदन का व्यवस्थित संचालन अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों की सकारात्मक भूमिका जरूरी है।

भारत एवरेस्ट तक उडने़ वाला हेलीकॉप्टर बनाएगा : मोदी

एजेंसी

मुंबई। इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम में पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने मुंबई में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस मिलकर भारत में ऐसे हेलिकॉप्टर का निर्माण करेंगे, जो माउंट एवरेस्ट जैसी ऊंचाइयों तक उड़ान भरेगा। मोदी ने फ्रांस को भारत का स्पेशल पार्टनर बताया और कहा कि दोनों देशों ने अपने रिश्तों को स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप लेवल तक अपग्रेड करने का फैसला किया है।

स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप का मतलब है कि दोनों देश सिर्फ व्यापार या हथियारों की खरीद-फरोख्त तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि सुरक्षा, तकनीक, अंतरिक्ष, समुद्री इलाकों की सुरक्षा और बड़े वैश्विक मुद्दों पर साथ मिलकर काम करेंगे। इससे पहले दोनों देशों के बीच संबंध स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप लेवल के थे। यह पार्टनरशिप

साल 1998 में शुरू हुई थी। इसके बाद मैक्रों ने इंडिया-फ्रांस इनोवेशन फोरम को संबोधित करते हुए कहा दुनिया के कई बड़ी कपनियों के सीईओ भारतीय हैं। उन्होंने कहा कि अल्फाबेट, माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, एडोबी और पालो आल्टो नेटवर्क्स के सीईओ भारतीय हैं। अब भारत लीडरशिप करने वाला देश बन गया है।

सुप्रीम कोर्ट में लालू यादव की सजा निलंबन पर सुनवाई टली

मामला : देवघर जिला कोषागार घोटाले से जुड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली । बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव के देवघर जिला कोषागार घोटाले मामले में मिली सजा के निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई टल गई। अब इस मामले में सुनवाई अप्रैल में होगी। सजा के निलंबन को चुनौती देने के मामले में मंगलवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एनके सिंह की बेंच में सुनवाई हुई। इस दौरान सीबीआई के वकील ने कहा कि ये सभी आरोपी अवैध रूप से बाहर हैं और ये दोषसिद्धि के बाद की स्थिति है। सीबीआई की ओर से चारा घोटाले में सजा पाए आरोपियों के सजा से निलंबन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में

याचिका लगाई गई थी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक देवघर जिला कोषागार घोटाले में साल 1990 और 1994 के बीच देवघर ट्रेजरी से 89 लाख रुपए की कथित हेराफेरी शामिल है, जिसमें पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री और आरजेडी प्रमुख लालू यादव को इस घोटाले में दोषी ठहराया गया था।

पाकुड़ : हथियार के नोक पर बैंक मर्चेंट से 3.43 लाख की हुई छिनतई

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़ । जिले में अपराधियों का मनोबल दिन- प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। ताजा मामला महेशपुर का है जहां सोमवार को महेशपुर के व्यवसाई सह फिनो पेमेंट्स बैंक के मर्चेंट अनूप कुमार भगत को रात्रि में दो अज्ञात अपराधियों ने ना केवल हथियार दिखाकर डराया धमकाया बल्कि उसे जख्मी कर 03 लाख 43 हजार 600 रुपये छीन लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूप भगत प्रतिदिन के फांसन , आरबीएल एवं माइक्रो बैंक से पैसा कलेक्शन करता था। 16 फरवरी को भी वह पैसा कलेक्शन कर रात्रि के लगभग 8ः00 बजे जब वह घर वापस जा रहा था तभी फासन माइक्रो फाइनेंस बैंक के गली में पूर्व से घात लगाए दो हथियार बंद अज्ञात अपराधी ने सर पर प्रहार कर घायल कर दिया और पैसे छीनकर मोटरसाइकिल से फरार हो गया। घटना के बाद अनूप भगत जख्मी हालत में फंसन बैंक पहुंचकर घटना की जानकारी दी । इसकी सूचना महेशपुर थाना को भी दी गई। श्री भगत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेशपुर में प्राथमिक चिकित्सा के बाद चोट की गंभीरता देखते हुए बाहर रेफर कर दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रवि शर्मा पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की छानबीन शुरू कर दी।आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी खंगाला। घटना को लेकर वादी अनूप कुमार भगत ने दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। वादी ने आवेदन में उल्लेख किया है कि वह एक व्यवसाई एवं फिनो पेमेंट्स बैंक में मर्चेंट के रूप में काम करता है। वह प्रतिदिन फ्यूज़न आरबीआई माइक्रो फाइनेंस बैंक से पैसा कलेक्शन करता है। घटना के दिन रात्रि आठ बजे वह फ्यूज़न बैंक से 92 हजार 650 रुपये एवं आरबीएल बैंक से ढाई लाख कुल तीन लाख 43 हजार 600 रुपये लेकर अपना घर जा रहा था। जैसे ही में फ्यूज़न माइक्रो फाइनेंस के गली में पहुंचा पूर्व से घात लगाए दो अपराधी हथियार दिखाते हुए सर पर मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। और वादी हाथ से रुपए से भरा बैग छीनकर बाइक से फरार हो गया। वादी के आवेदन के आधार पर महेशपुर पुलिस ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ थाना कांड संख्या 16 /26 दर्ज कर संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की तहकीकात शुरू कर दी गई है जल्द से जल्द अपराधी पुलिस के शिकंजे में होगा।

बंगाल सरकार जवानों से स्कूल खाली कराए : हाइकोर्ट

एजेंसी

कोलकाता । कलकत्ता हाइकोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में सुरक्षा में लगे सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स जवानों को चीनी भाषा स्कूल में रहने के लिए दी गई जगह खाली कराई जाए। शहर के चाइना टाउन स्थित पेई मेई चाइनीज स्कूल में जवानों को रहने के लिए 18 कमरे दिए गए थे। सीआईएसएफ जवान यहां सितंबर 2024 से रहे हैं। 9 अगस्त 2024 को एक ऑन-ड्यूटी पोस्ट-ग्रेजुएट ट्रेनी के रेप और हत्या के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जवानों को को तैनात किया गया था। कोर्ट से नियुक्त स्पेशल ऑफिसर ने जस्टिस कृष्ण राव को बताया कि स्कूल के कुल 18 कमरों में से आठ कमरे 17 फरवरी को चीनी नववर्ष मनाने के लिए एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन के अधिकारियों को सौंप दिए गए थे।

कोलकाता के पेई मेई चीनी भाषा स्कूल के अधिकारियों ने हाइकोर्ट में अर्जी दी थी। इसमें चाइना टाउन में उनकी प्रॉपर्टी में रह रहे सीआईएसएफ जवानों को क्लास फिर से शुरू करने के लिए जगह खाली करने का आदेश दिए जाने की मांग की गई थी। उन्होंने यह भी बताया कि चीनी न्यू ईयर पास आ रहा है और उसके लिए भी स्कूल की जगह खाली करानी होगी।

10 कमरों में 130 जवान रह रहे हैं, कुछ बरामदे में सो रहे

भारत सरकार की तरफ से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि 18 कमरों में रहे 130 सीआईएसएफ जवानों ने आठ कमरे खाली कर दिए हैं।

ईडी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर हाईकोर्ट की रोक बरकरार

राज्य सरकार को जवाब के लिए मिला समय

संवाददाता

रांची । झारखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारियों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी (एफआईआर), पुलिस जांच और किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर अगले आदेश तक रोक जारी रखने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस मामले में राज्य सरकार को जवाब का अध्ययन करने के लिए समय देते हुए अगली सुनवाई की तारीख 24 फरवरी निर्धारित की है।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त समय की मांग की गई, जिसे न्यायमूर्ति एस.के. द्विवेदी की अदालत ने स्वीकार कर लिया। ईडी

की ओर से अधिवक्ता सौरभ कुमार ने अदालत में पक्ष रखते हुए कहा कि अधिकारियों के खिलाफ दर्ज मामला निराधार है और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

यह मामला एयरपोर्ट थाना कांड संख्या 05/2026 से संबंधित है, जिसमें ईडी अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। वर्तमान में अदालत इस याचिका की मेंटेनबिलिटी, यानी इसकी सुनवाई योग्य होने के मुद्दे पर विचार कर रही है। इससे पहले की सुनवाई में अदालत ने ईडी कार्यालय की सुरक्षा को लेकर भी अहम निर्देश दिए थे। अदालत ने केंद्र सरकार को कार्यालय की सुरक्षा के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या अन्य अर्धसैनिक बलों की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। साथ ही रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अदालत ने हिनू स्थित ईडी कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखने का भी आदेश दिया था।

टाटा जू रे अफ्रीकी ता़रूप्को आ़गु केत्किना

खोबोरिया

पूर्वी सिंहभूम। शहर रेयाक् टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क रेजिव-जिया़ली दुलाड़िया़को ला़गित् आ़डी माराङ रा़सका़ खो़बो़रमेनाक्आ। पार्क रे अफ्रीकी ता़रूप् मित् जोड़ाको सेलेत्आकात्किना। आ़डिया़ ता़रूप् मनोहर आर एंगा ता़रूप् श्रेदेवी दो़हैदराबाद रे मेनाक् नेहरू जूलॉजिकल पार्क खो़न स्वीकृत पशु विनिमयकार्यक्रम ता़री रेको आ़गुवाकात्किना। नोआ ओ़दो़ल-बो़दो़ल लेकातेजमशेदपुर खो़न बारया मैंड्रिल हां़डू दो़ हैदराबाद तेको कोल आकात्किना।

मोटामुटी 9 बो़छो़र उमा़र रेन मनोहर आर श्रेदेवी दो़ गिदरा़को ला़गित् मोंज ओ़बो़सता रे मेनाक्किना। पार्क प्रबंधन दो़ आस मेनाक् ताया जे दारायकान सो़मो़य रे नुकिन दो़किन गिदरा़ दाड़ेयाकोआ, आर ओनका लेकाते चिड़ियाघर रे ता़रूप्को ढेरोक्आ आर आयमा दिन जोगाव दो़हो़को का़मीहोरा हों़ जोरे ञामा। गा़खुड़िया़को मेनेत् काना जे जुवा़न ता़रूप्को आ़गुकेत्किन खान पार्क रे निपुटआर ता़रूप्कोवाक् लेखा ढेरोक् रे गो़ड़ो़ ञामो़क्आ।

जनवरी 2026 में बेरोजगारी दर बढ़कर 5 प्रतिशत हुई

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार, जनवरी 2026 में देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के लोगों के बीच बेरोजगारी दर बढ़कर 5 प्रतिशत हो गई, जो दिसंबर 2025 में 4.8 प्रतिशत थी। यह स्थिति तब है जबकि संदर्भ अवधि के दौरान यदि किसी व्यक्ति को एक घंटे का भी अधिक काम मिला है, तो उसे बेरोजगार की श्रेणी में नहीं रखा जाता है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), जो सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अधीन कार्य करता है, ने बताया कि बेरोजगारी दर (यूआर) में

वृद्धि मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में देखी गई मौसमी कारकों के कारण हुई। फसल कटाई के बाद की सुस्ती, निर्माण गतिविधियों में मंदी, कृषि संबंधी कार्यों में कमी, परिवहन और छोटे व्यापार जैसे क्षेत्रों में सर्दियों के दौरान धीमापन इसका प्रमुख कारण रहा।

आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर दिसंबर के 3.9 प्रतिशत से बढ़कर जनवरी में 4.2 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 6.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.0 प्रतिशत दर्ज की गई। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों में बेरोजगारी दर लगभग स्थिर रही, जबकि महिलाओं में इसमें हल्की वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, एनएसओ के अनुसार महिला श्रम बाजार की स्थिति अप्रैल से दिसंबर 2025 के दौरान देखे गए दायरे के भीतर ही बनी हुई है, जो इसे अल्पकालिक उतार-चढ़ाव बताती है।

जनवरी 2026 में समग्र श्रम बल सहभागिता दर (एलएफपीआर) 55.9 प्रतिशत रही, जो दिसंबर 2025 के 56.1 प्रतिशत से कम है। ग्रामीण एलएफपीआर 59.0प्रतिशत से घटकर 58.7 प्रतिशत हुआ, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह मामूली बढ़कर 50.3 प्रतिशत दर्ज किया गया।

बंगाल चुनावों में आदिवासी बहुल सीटों पर दिखेगा झारखंड टाइगर का जलवा

संताल एक्सप्रेस

जमशेदपुर। एक ओर झारखंड भाजपा के सभी नेता नगर निकाय चुनावों की तैयारियों में व्यस्त हैं, तो दूसरी तरफ पूर्व मुख्यमंत्री एवं झारखंड टाइगर के नाम से विख्यात चम्पाई सोरेन खामोशी से बंगाल चुनावों से संबंधित बैठकों में व्यस्त हैं। वे लगातार झारखंड की सीमावर्ती एवं आदिवासी बहुल क्षेत्रों के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समाज के अगुआ लोगों के साथ बैठक कर, उन्हें चुनावों के लिए एकजुट कर रहे हैं। इसी क्रम में आज झाड़ग्राम से बबलू मुर्मू के नेतृत्व में आये भाजपा कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से उन्होंने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पूर्व

सीएम ने कार्यकर्ताओं को टीएमसी सरकार के आदिवासी विरोधी रवैये के खिलाफ जानकारी देते हुए उन्हें आदिवासी समाज को एकजुट एवं जागरूक करने हेतु आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल में परिवर्तन होगा, जिसके बाद भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनना तय है। पिछले दिल्ली दौरे के दौरान भाजपा नेतृत्व ने चम्पाई सोरेन को इस से संबंधित स्पेशल टास्क दिया है, जिसके तहत आदिवासी बहुल सीटों पर पार्टी को सांगठनिक तौर पर मजबूत करने बात कही गई है।

सभी जिला अस्पताल बनेंगे मॉडल एंटी रेबीज क्लिनिक

संताल एक्सप्रेस

रांची। रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड ने बड़ा कदम उठाया है। मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने राज्य के सभी सिविल सर्जनों को सख्त दिशा-निर्देश जारी करते हुए वर्ष 2030 तक झारखंड को रेबीज मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जारी निर्देश के अनुसार राज्य के सभी जिला अस्पतालों को मॉडल एंटी रेबीज क्लिनिक के रूप में विकसित किया जाएगा। इन क्लिनिकों में विशेष डेडिकेटेड वुंड वाशिंग एरिया बनाया जाएगा, जहां कुत्ता या अन्य जानवर के काटने पर मरीज के घाव को कम से कम 15 मिनट तक बहते पानी और साबुन से धोने की अनिवार्य व्यवस्था होगी। ताकि किसी भी स्तर पर इलाज में देरी न हो।रेबीज घोषित है नोटिफायबल डिजीज वन हेल्थ अप्रोच के तहत झारखंड स्वास्थ्य विभाग द्वारा अक्टूबर 2023 में ह्यूमन रेबीज को राज्य में नोटिफायबल डिजीज घोषित किया जा चुका है। अब डॉग बाइट के हर मामले की रिपोर्टिंग आईएचआईपी-आईडीएसपी पोर्टल पर अनिवार्य कर दी गई है। जागरूकता अभियान बनेगा जन-आंदोलनरेबीज उन्मूलन को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता रथ रवाना किए हैं, जो अगले दो महीनों तक विभिन्न जिलों में भ्रमण करेंगे। नगर निकायों, पंचायती राज संस्थाओं और स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से स्कूलों और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।इसके अलावा अस्पतालों में तैनात मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ को एनिमल बाइट मैनेजमेंट का विशेष प्रशिक्षण देने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि मरीजों को त्वरित और वैज्ञानिक उपचार मिल सके।राज्य सरकार का मानना है कि सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्था, समय पर टीकाकरण और व्यापक जनजागरूकता के माध्यम से वर्ष 2030 तक झारखंड को रेबीज मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

झारखंड में चल रही अपराधियों की समानांतर सरकार : आदित्य साहू

भाजपा समर्थित को अपराधियों के द्वारा मिल रही जान से मारने की धमकी

संताल एक्सप्रेस

रांची । भाजपा समर्थित को अपराधियों के द्वारा मिल रही जान से मारने की धमकी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद आदित्य साहू ने आज धनबाद में प्रेसवार्ता कर हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। साहू ने कहा कि झामुमो कग्रिस निकाय चुनाव में अपने समर्थित उम्मीदवारों की सुनिश्चित हार को देखते हुए बौखलाहट में हैं। इसलिए अपराधियों के माध्यम से भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को सत्ता पक्ष के इशारे पर जान से मारने की धमकी मिल रही है। साहू ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर चक्रधर के भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजय गगराई को जान से मारने की मिली धमकी एवं एक महिला कार्यकर्ता के घर चिपकाए गए धमकी को मीडिया के समक्ष रखा।

साहू ने धनबाद एवं मेदिनीनगर पलामू के उम्मीदवारों को भी अपराधियों से मिली धमकी की चर्चा की।साहू ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक से भी बात की और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया।कहा कि पिछले 6 वर्षों से अपराधियों दलालों,बिचौलियों का संरक्षण करने वाली राज्य सरकार अब निकाय चुनाव में अपने उम्मीदवारों को जीत दिलाने केलिए अपराधियों का सहारा ले रही।सूचना मिल रही है कि कई कुख्यात अपराधी राज्य के विभिन्न निकाय क्षेत्रों में सक्रिय हैं। कहा कि भाजपा ने पहले से ही इसकी आशंका व्यक्त की है।कहा कि यह सरकार हार के डर से दलीय आधार पर चुनाव नहीं कराई।साथ ही बैलेट से चुनाव कराने की पीछे भी इस सरकार की मंशा अपराधियों ,गुंडों के सहारे बूथ लूटने ,बूथ कैप्चरिंग की है।कहा कि पार्टी ने निर्वाचन आयोग को ज्ञापन सौंपकर प्रत्येक बूथ पर केंद्रीय सुरक्षा बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की है।कहा कि जिस प्रकार से निकाय चुनाव को लेकर अपराधियों की सक्रियता बढ़ी है इससे यह बात सच हो रही है कि राज्य सरकार लोकतंत्र का गला घोंटने केलिए तैयार है। अपराधियों के माध्यम से अपना उद्देश्य पूरा करने की मंशा राज्य सरकार रखती है।राज्य सरकार और अपराधियों के बीच एक दूसरे की सुरक्षा करने का समझौता है।भाजपा राज्य सरकार को चेतावनी देते हुए मांग करती है कि राज्य सरकार अपराधियों के आतंक पर सख्त लगाम लगाए।

छात्र ने आठवीं की छात्रा का हाथ बांधकर किया दुष्कर्म

संताल एक्सप्रेस

गुमला। गुमला के रायडीह में विद्यालय में पढ़ने वाली आठवीं की छात्रा (नाबालिग) के साथ इंटर के एक छात्र द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है।मामले में पीड़ित छात्रा ने रायडीह थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है।जानकारी के अनुसार छात्रा डुमरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है।वह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के उद्देश्य से रायडीह में एक छात्रावास में रहती है और विद्यालय में पढ़ाई करती है।इधर, गत 16 फरवरी को विद्यालय छुट्टी होने के बाद छात्रा वापस छात्रावास लौट रही थी।इसी दौरान उसी के विद्यालय के 11वीं का एक छात्र (मांझाटोली निवासी) आया और छात्रा को जबरन अपने घर के पीछे ले गया। जहां छात्र ने छात्रा के हाथ को उसी की टाई व बेल्ट से पीछे बांध दिया और उसे निर्वस्त्र कर उसके साथ दुष्कर्म किया।छात्रा ने जब दुष्कर्म का विरोध किया तो आरोपी छात्र ने छात्रा को घटना की जानकारी किसी को नहीं देने की बात कही। जानकारी देने पर छात्र ने छात्रा को जान से मारने की धमकी दी और दुष्कर्म के बाद वहां से फरार हो गया। जिसके बाद छात्रा छात्रावास पहुंची और वहां से सीधे थाना पहुंचकर वहां घटना की जानकारी दी। वहीं छात्रा द्वारा आवेदन दिये जाने के बाद थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए छात्रा का मेडिकल जांच के लिए भेजा।पुलिस आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव ने बताया कि 15 वर्षीय नाबालिग पीड़िता के द्वारा आवेदन देकर बताया गया की उसके साथ दुष्कर्म की घटना घटी है।सूचना मिलते ही प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।

हजारीबाग में 14 नशा तस्कर गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस

हजारीबाग। हजारीबाग पुलिस को नशाखोरी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता मिली है। कटकमदाग, लोहसिंघना और इचाक थाना क्षेत्रों में संयुक्त छापेमारी कर कुल 14 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से ब्राउन शुगर, गांजा, नगद राशि, मोबाइल फोन और विभिन्न वाहन बरामद किए गए हैं।एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि कटकमदाग थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्ताना स्थित डीपो सीट के पास ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है। इस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान तीन युवक भागने लगे, जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया। उनसे पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया गया। कटकमदाग थाना क्षेत्र से कुल छह लोगों की गिरफ्तारी हुई। लोहसिंघना थाना क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के तहत तीन आरोपितों को पकड़ा गया। इनके कब्जे से लगभग 17 ग्राम ब्राउन शुगर, करीब दो किलोग्राम गांजा, 47 हजार रुपये नगद, एक सफारी वाहन, एक ब्रेजा कार और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए।वहीं, कटकमदाग क्षेत्र से कुल 111.72 ग्राम ब्राउन शुगर, 17,160 रुपए नगद, सात मोबाइल फोन, दो मोटरसाइकिल, एक स्विफ्ट कार और दो माप-तौल मशीन बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि कुछ गिरफ्तार आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उनके खिलाफ पहले भी विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं। यह पूरी कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में गठित विशेष छापेमारी दल की ओर से की गई।

एसीबी के दर्ज 6 शिकायतों के बावजूद भ्रष्ट पदाधिकारी बने ऊर्जा विभाग का बॉस : बाबूलाल

संताल एक्सप्रेस

रांची । पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हाल ही में ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा तत्कालीन विभागीय सचिव के सीआर में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज की गई थी। इसके बावजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें अपने ऊर्जा विभाग का सचिव, सीएमडी तथा जेबीवीएनएल के एमडी जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी सौंप दी।कहा कि झारखंड की ऊर्जा संपदा को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ाने वाली इस सरकार ने नैतिकता की सारी हदें पार कर दी हैं। एक ऐसे अधिकारी को ऊर्जा विभाग का 'सुपर बॉस' बनाना जिसके खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो में छह-छह शिकायतें दर्ज हों और जो ईडी की रडार पर रहा हो राज्य की जनता के गाल पर करारा तमाचा है।कहा

कि मुख्यमंत्री का भ्रष्ट अधिकारियों के प्रति विशेष लगाव रहा है। अनुराग गुप्ता, विनय चौबे, पूजा सिंघल, छवि रंजन, राजीव बख्शी सहित कुछ अन्य भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारियों को महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली पदों पर नियुक्त किया गया।कहा कि जिस अधिकारी को उसके संदिग्ध आचरण के कारण पहले एक महत्वपूर्ण विभाग के सचिव पद से बेआबरू होकर हटना पड़ा, उसे आखिर किस डील के तहत मुख्यमंत्री ने इतनी बड़ी ताकत सौंप दी? कहा कि जब मंत्री द्वारा अधिकारी के कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज की गई थी, तो फिर आपके द्वारा इतने अहम पदों पर पुनः नियुक्ति का आधार क्या

राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के लिए टेक्निकल बीड खुला

संताल एक्सप्रेस

रांची। राज्य कर्मियों के लिए प्रस्तावित राज्य कर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत टेक्निकल बीड ओपनिंग की प्रक्रिया मंगलवार को पूरी कर ली गई। बैठक की अध्यक्षता झारखंड स्टेट आरोग्य समिति के कार्यकारी निदेशक छवि रंजन ने की बैठक में अपर कार्य निदेशक सीमा सिंह, विभागीय उप सचिव सह आंतरिक वित्तीय सलाहकार ध्रुव प्रसाद, डीआईसी डॉ. सिद्धार्थ सान्याल, महाप्रबंधक प्रवीण चंद्र मिश्रा, वरिष्ठ परामर्शी अंशु कुमार सिंह, वित्त प्रबंधक विवेक कुमार नायक और शिकायत निवारण प्रबंधक श्री कुणाल भारती मौजूद रहे।सीजीएचएस दरों पर होगा भुगताननई बीमा पॉलिसी को जल्द लागू करने की दिशा में बीमा कंपनियों के चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। प्रस्तावित व्यवस्था के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों को भुगतान केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की दरों पर किया जाएगा, ताकि पारदर्शिता और मानकीकरण सुनिश्चित हो सके।योजना के तहत राज्य कर्मियों को देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों में वास्तविक प्राप्त या सीजीएचएस दरों के आधार पर उपचार की सुविधा मिलेगी। इनमें क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर, एआईजी हॉस्पिटल्स, हैदराबाद, इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बायिलरी साइंसेज, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर, नारायणा इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियक साइंसेज़, अपोलो हॉस्पिटल्स, चेन्नई, मेदांता द मेडिसिटी, इंडियन स्पाइनल इंजरीज़ सेंटर, नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट, शंकर नेत्रालय, नारायणा हेल्थ और बीएम बिड़ला हार्ट रिसर्च सेंटर जैसे संस्थान शामिल हैं।टेंडर प्रक्रिया में कुल 7 बीड प्राप्त हुए टेंडर प्रक्रिया में कुल 7 बीड प्राप्त हुए। इनमें यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस, बजाज एलियांज जनरल इंश्योरेंस, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस और इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस शामिल हैं।16 फरवरी को बीड जमा करने की अंतिम तिथि थी और 24 घंटे बाद टेक्निकल बीड खोले गए। पूरी प्रक्रिया झारखंड टेंडर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन संपन्न हुई।

रांची महापौर प्रत्याशी सुरेन्द्र लिंडा का पदयात्रा कार्यक्रम

रांची । मंगलवार को स्थान जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम कचहरी रोड से रांची महापौर प्रत्याशी सुरेंद्र लिंडा अपने हजारों समर्थकों के साथ बाजा गाजा के साथ पदयात्रा की शुरुआत की

इस पदयात्रा का नेतृत्व रांची महापौर प्रत्याशी सुरेन्द्र लिंडा एवं केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में कचहरी रोड से शहीद चौक, अल्बर्ट एक्का चौक प्लाजा चौक, लालपुर चौक, होते हुए भगवान बिरसा मुंडा समाधि स्थल तक पहुंच कर बिरसा मुंडा जी को नमन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित की इस पदयात्रा के दौरान रांची के मतदाताओं से चुनाव चिन्ह कैमरा छाप और क्रमांक सं या 10 में मोहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की गई।

रांची में मर्सिडीज के बोनट पर लटका कर कई किमी घसीटा

संताल एक्सप्रेस

रांची। राजधानी रांची में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रांची के डोरंडा इलाके में मामूली विवाद के बाद एक मर्सिडीज चालक ने शख्स को कार की बोनट पर लटकाकर कई किलोमीटर दूर तक घसीटा। आरोपी पीड़ित शख्स को बोनट पर ही लटका कर अपने घर ले गया और वहां उसे बंधक बनाकर पीटा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। लग्जरी कार जब्त कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।इस खौफनाक घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जाता है कि घटना के दौरान रास्ते में ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवानों ने जब यह खौफनाक मंजर देखा तो कार रोकने का इशारा किया। आरोप है कि चालक ने जवानों पर भी गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की।हैरानी की बात यह रही कि आरोपी ने युवक को सड़क पर नहीं छोड़ा, वरन उसे बोनट पर लटकाए हुए सीधे अपने घर तक ले गया। वहां पहुंचकर उसने युवक को जबरन उतारा, बंधक बनाया और उसके साथ मारपीट की।पीड़ित मोटरबाइक सवार की मां ने कहा कि मेरा बेटा, नवाज खान टीसीएस में काम करता है। वह अपने भाई को अपनी मोटरबाइक पर बोर्ड एग्जाम सेंटर ले गया था। लौटते समय आरोपी की कार मेरे बेटे की मोटरबाइक से टकरा गई। बाइक को नुकसान हुआ। मेरे बेटे ने आरोपी से नुकसान के लिए हर्जाना मांगा।पीड़ित नवाज खान की मां ने कहा कि दोनों के बीच बहस होने लगी और आरोप फरार होने की कोशिश करने लगा। इस दौरान मेरे बेटे ने कार का बोनट पकड़ लिया। आरोपी ने मेरे बेटे को अपनी कार से घसीटा। बोनट पर लटका मेरा बेटा चिल्लाता रहा लेकिन आरोपी ने कार नहीं रोकी। आरोपी मेरे बेटे को बोनट पर ही लटका कर अपने फ्लैट पर ले गया, जहां कई लोगों ने उसकी पिटाई की। हमें न्याय चाहिए।सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और आरोपी के ठिकाने पहुंचकर बंधक युवक को सुरक्षित बाहर निकाला।

भाजपा विक्टिम कार्ड खेल रही : कांग्रेस

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी अपनी संभावित हार को देखते हुए पहले से ही विक्टिम कार्ड खेल रही है। निकाय चुनाव में जनता के बीच जाने का साहस न जुटा पाने वाली भाजपा अब अनर्गल आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। सांसद आदित्य साहू का बयान उनकी हताशा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भाजपा को अहसास हो चुका है कि राज्य की जनता ने राज्य सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों पर मुहर लगा दी है।जब हार सामने दिखती है, तो भाजपा कभी ईवीएम, कभी प्रशासन और अब अपराधियों का सहारा लेने जैसे बेबुनियाद आरोप मढ़ने लगती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड में कानून का राज है। अगर किसी को कोई धमकी मिली है, तो उसकी जांच होगी, लेकिन इसे राजनीतिक स्टंट बनाना भाजपा की पुरानी आदत है। शाहदेव ने पूछा कि भाजपा बैलेट पेपर से डर क्यों रही है? अगर उसे जनता पर भरोसा है, तो वह चुनाव का स्वागत करे। सच तो यह है कि बैलेट पेपर से होने वाले चुनाव में धांधली की गुंजाइश खत्म हो जाती है, जिससे भाजपा घबरा रही है। अपराधियों को संरक्षण देना कांग्रेस की नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यसंस्कृति रही है। राज्य सरकार लोकतंत्र की मर्यादा को अक्षुण्ण रखने के लिए प्रतिबद्ध है और निकाय चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होगा।

फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रांची कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलीटेक्निक में मंगलवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया रोग के प्रति जागरूकता फैलाना था. कार्यक्रम के दौरान बीमारी के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई. मौके पर विद्यार्थियों ने समाज को जागरूक कर बिमारी से मुक्त करने की शपथ ली. कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाये जा रहे मास ड्रग एडमिस्ट्रेशन अभियान की जानकारी भी दी गई.इस दौरान प्रो. विकास कुमार, प्रो. कुमार सैकेत, प्रो. आशीष रंजन, प्रो. जितेंद्र साहू, प्रो. जयदेव कुम्हकार, प्रो. सताक्षी सिंह, अजीत राय मुख्य रूप से उपस्थित रहे.

हरिणा चौक व बसंती चौक में बच्चा चोरी की अफवाह पर महिलाओं की पिटाई

संताल एक्सप्रेस

धनबाद। बाघमारा में बच्चा चोरी के संदेह में दो महिलाओं की लोगों ने पिटाई कर दी। पहली घटना हरिणा नेहरू चौक पर मंगलवार को एक महिला की स्थानीय लोगों ने बच्चा चोर होने के संदेह में जमकर धुनाई कर दी। घटना की सूचना मिलते ही बाघमारा पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की भीड़ से महिला को सुरक्षित निकालकर उसे थाना ले गया। जिससे मॉब लिंचिंग घटना से बच गया। अफवाह के कारण मौके पर भारी भीड़ जुट गई। जिससे हरिणा क्षेत्र में कुछ समय के लिए जाम की स्थिति उत्पन्न हो गयी। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित किया गया। बताया जाता है कि जिस महिला के साथ मारपीट की गयी वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वह अपना नाम व पता भी नहीं बता पा रही है। उनके पास थैली में चॉकलेट, बिस्कुट को देख किसी ने बच्चा चोर होने की संदेह जताते हुए अफवाह फैला दी। फिर भीड़ ने बेरहमी से पिटाई कर दी। दूसरी घटना खानुडीह बसंती चौक के पास की है। यहां भी लोगों ने एक वृद्ध महिला को बच्चा चोर होने के संदेह पर मारपीट कर उसे

पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला बस्ती में ताकझांक रही थी। महिला की गतिविधियों को देख लोगों ने बच्चा चोर होने का संदेह में महिला को पकड़ कर उसकी धुनाई कर दी। वृद्ध महिला भी कुछ बोल नही पा रही है। मामले की जांच पड़ताल करने के बाद थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि लोग अफवाह पर ध्यान न दें। महिला का मानसिक संतुलन सही नही है। दोनों इधर उधर भींख मांग कर खाती हैं। दोनों के स्वास्थ्य जांच के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।प्रभारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बच्चा चोर की अफवाह से सावधान रहे, कानून अपने हाथ में न लें। भीड़ द्वारा बच्चा चोर के शक में लोगों की पिटाई की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं।सिर्फ संदेह के आधार पर पकड़े गए लोग निर्दोष भी निकलते हैं।

जियाडा की पीसीसी बैठक में नए उद्योगों को हरी झंडी

संताल एक्सप्रेस

रांची। झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (जियाडा) की प्रोजेक्ट क्लियरेंस कमिटी (पीसीसी) की बैठक मंगलवार को जियाडा भवन में प्रबंध निदेशक वरुण रंजन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।बैठक में विभिन्न नए औद्योगिक प्रोजेक्ट्स के आवेदनों पर विचार करते हुए उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत परियोजनाओं में पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर, वॉटर स्टोरेज टैंक एवं पीवीसी पाइप निर्माण तथा केमिकल अर्थिंग से जुड़े उद्योग शामिल हैं। ये इकाइयाँ नामकोम, बरहे, बरही और कोकर औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित की जाएंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।बैठक के दौरान चैंबर अध्यक्ष ने देवीपुर औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि जिन उद्यमियों को भूमि आवंटित की जा चुकी है, उन्हें शीघ्र पजेशन दिलाना आवश्यक है। वर्तमान में भूमि आवंटन के बाद पजेशन मिलने में हो रही देरी पर चिंता जताते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि अधिकतम 30 दिनों के भीतर पजेशन सुनिश्चित किया जाए।साथ ही सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। नए औद्योगिक क्षेत्रों की पहचान के आग्रह पर जियाडा प्रबंधन ने अन्य जिलों में औद्योगिक भूमि के विस्तार के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।प्रबंध निदेशक ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर प्रत्येक 15 दिनों में पीसीसी की बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन हो सके।

बैठक में एमएसएमई, जिला उद्योग केंद्र, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी, चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रंजीत टिबड़ेवाल, जेसिया सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

डीपीएस के विद्यार्थियों का जेईई मेन में शानदार प्रदर्शन

रांची । 35 विद्यार्थियों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी असाधारण वैचारिक स्पष्टता और विश्लेषणात्मक क्षमता का परिचय

दिया।45 विद्यार्थियों ने 90 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय की निरंतर उत्कृष्टता की परंपरा को सुदृढ़ किया।डीपीएस रांची के प्रांगण गर्व और उल्लास से गूंज उठा जब विद्यालय के विद्यार्थियों ने जेईई मेन 2026 (सेशन 01) में ऐतिहासिक सफलता की नई कहानी लिखी। यह देश की सबसे प्रतिष्ठित एवं प्रतिस्पर्धात्मक इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसका आयोजन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा किया जाता है।अपने आसाधारण शैक्षणिक प्रतिभा के प्रदर्शन में शिवम कुमार सिंह विद्यालय के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के रूप में उभरे, जिन्होंने शानदार 99.9452260 पर्सेंटाइल प्राप्त कर अन्य अभ्यर्थियों के लिए एक प्रेरणादायी परिणाम स्थापित किया।

धनबाद में 319 किसानों को दिए जाएंगे सोलर पंप

धनबाद। धनबाद के 319 किसानों को खेती के लिए सोलर पंप दिए जाएंगे। मंगलवार को डीसी आदित्य रंजन ने प्रधान मंत्री कुसुम योजना के तहत सोलर पंप वितरण की समीक्षा की। बैठक में ही किसानों का चयन किया गया। योजना के लिए धनबाद से एक, बलियापुर से 13, बाघमारा से 14, कलियासोल से 11, निरसा से 9, पूर्वी टुंडी 19, तोपचांची से 285, टुंडी से 16, गोविंदपुर से 67 सहित 435 आवेदन प्राप्त हुए थे। इस संबंध में पूर्व में आयोजित बैठक में डीसी ने आवेदनों को स्वीकृत करने से पहले इनमें से 20त्न आवेदनों की रेंडम जांच करने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया था।वहीं आवेदनों की रेंडम जांच के बाद धनबाद के एक, बलियापुर के 6, बाघमारा 10, कलियासोल से एक, निरसा के 7, पूर्वी टुंडी के तीन, तोपचांची के 258, टुंडी के 9 तथा गोविंदपुर के 24 सहित 319 लाभुकों के आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी जियाउल अंसारी, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, विद्युत प्रमंडल व लघु सिंचाई के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

नगरपालिका चुनाव की तैयारी तेज, सेक्टर पदाधिकारियों को मिला जिम्मेदारियों का प्रशिक्षण

दुमका। नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को सफल, सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर पंचायत क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायती

राज विभाग के सभागार में हुए इस प्रशिक्षण में विभिन्न निर्वाची पदाधिकारियों और प्रशिक्षण कोषांग के सहायक नोडल पदाधिकारियों ने अधिकारियों को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी।प्रशिक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया से जुड़ी संभावित चुनौतियों, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, मतदान केंद्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपात स्थितियों से निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों को सेक्टरवार प्रभार और जिम्मेदारियों का स्पष्ट ब्योरा भी सौंपा गया ताकि क्षेत्रीय स्तर पर समन्वय बेहतर तरीके से हो सके।सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराएं। अधिकारियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे चुनावी तैयारियों के लिए अहम कदम बताया।

हाईकोर्ट ने बाबूलाल के खिलाफ दर्ज चार मामलों को किया निरस्त

रांची । मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी से संबंधित झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ दर्ज चार मामलों को झारखंड उच्च न्यायालय ने निरस्त कर दिया है।

बाबूलाल मरांडी के खिलाफ ये मामले रामगढ़, सिमडेगा, बरहेट और मधुपुर थाने दर्ज हुए थे। उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की अदालत ने बाबूलाल मरांडी की याचिका स्वीकार कर ली। मरांडी की ओर से इन चारों मामलों को निरस्त करने का आग्रह किया गया था।बाबूलाल पर आरोप है कि एक निजी यूट्यूबय चैनल ने झारखंड में बाबूलाल मरांडी की ओर से मु यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के खिलाफ दिए गए साक्षात्कार को अपलोड किया था। इसके खिलाफ झामुमो कार्यकर्ताओं ने राज्य के उक्त चार थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले को लेकर 25 अगस्त 2023 को सिमडेगा थाना में कांड सं या 104/2023, बरहेट थाना में कांड सं या 104/2023, 25 अगस्त 2023 को रामगढ़ थाना में कांड सं या 196/2023 और देवघर के मधुपुर थाना में कांड सं या 176/2023 दर्ज है, जिसे अदालत से रद्द करने का आग्रह किया गया था।

जेईई मेन्स में सरला बिर

मिहिजाम के उम्मीदवारों से बातचीत

उम्मीदवार का नाम अमित भद्र क्षेत्र नगर परिषद मिहिजाम वार्ड नंबर 2
सीट सामान्य
प्रत्याशी परिचय समाजसेवी।

सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का प्लान?

उत्तर- वार्ड की मूल समस्याओं पर फोकस रहेगा, 100 दिन में नाली, लाइट और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करेंगे।

सवाल-भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे? गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

उत्तर-बिना बिचौलियों के कार्य होंगे, खुली बैठक, पारदर्शी टेंडर और समयबद्ध भुगतान से कमीशनखोरी खत्म होगी।

सवाल-गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

उत्तर-जरूरतमंदों के लिए सहायता शिविर लगाकर पेंशन, राशन कार्ड और इलाज सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

सवाल -जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे?

उत्तर-चुनाव के बाद भी घर-घर संवाद जारी रहेगा, समस्याएं सुनकर तुरंत समाधान की पहल होगी।

उम्मीदवार का नाम अशोक कुमार साव
क्षेत्र जामताड़ा नगर पंचायत वार्ड नंबर 7
सीट सामान्य

सवाल-प्रत्याशी परिचय 2018 से पूर्व दो बार पार्षद रह चुके है।वार्ड की मुख्य समस्या और 100 दिनों का प्लान?

उत्तर -पहले 100 दिनों में सड़क, पानी, सफाई सुधारेंगे, सर्वे कर प्राथमिक समस्याओं का तेज समाधान करेंगे।

सवाल -भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे? गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

उत्तर-हर काम सार्वजनिक होगा, ऑनलाइन सूचना, सामाजिक निगरानी और शिकायत व्यवस्था से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

सवाल-गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है?

उत्तर-गरीब परिवारों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर राशन, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

सवाल-जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे?

उत्तर-हर महीने जनसभा आयोजित होगी, जनता की राय से ही वार्ड के विकास कार्य तय किए जाएंगे।

बेटी की शादी के लिए रखे 4 लाख पर चोरों ने किया हाथ साफ

करमाटाड़ । करमाटाड़ थाना क्षेत्र के ताराबहाल गांव में दिनदहाड़े हुई बड़ी चोरी की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे, जब घर के सभी सदस्य एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने बाहर गए थे, तभी घात लगाए चोरों ने सूने मकान को निशाना बना लिया। मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे बदमाशों ने घर में रखी अलमारी को खंगाला और करीब 2 लाख 50 हजार रुपये नकद तथा लगभग 1 लाख 60 हजार रुपये मूल्य के सोना-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए।पीड़ित परिवार के अनुसार, चोरी गई राशि बेटी की शादी के लिए कर्ज लेकर घर में रखी गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के होश उड़ गए। शादी की तैयारियों के बीच इस वारदात ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। ग्रामीणों में भी भय और आक्रोश का माहौल है।दिनदहाड़े हुई इस घटना ने स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में गश्ती बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी की आवश्यकता है।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास की कई दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि दोषियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।फिलहाल इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

अनियंत्रित ट्रैक्टर दुकान में घुसी, एक की मौत, चार गंभीर

मेहरमा । प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत गोड्डा-पीरपैंती मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां अनियंत्रित ट्रैक्टर के दुकान में घुस जाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर के निर्देश पर पुलिस अवर निरीक्षक राजकिशोर शर्मा दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा भेजा गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर मेहरमा की ओर से आ रही थी। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रैक्टर सीधे एक दुकान में जा घुसा। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक शराब के नशे में था। हादसे के समय मृतक युवक दुकान पर अपनी साइकिल की मरम्मत करा रहा था, तभी यह घटना घटित हुई। वहीं मृतक की पहचान राकेश कुमार , ग्राम कमलचक, थाना ईशीपुर बाराहाट के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह प्रतिदिन मजदूरी करने के लिए घर से निकलता था।घायलों में ट्रैक्टर चालक राजन कुमार राम , ग्राम पुरानी बारा, थाना ईशीपुर बाराहाट, कैलाश महलदार (62 वर्ष), निवासी मेहरमा, विनोद कुमार (20 वर्ष), ग्राम ईशीपुर बाराहाट तथा सुमन कुमार (20 वर्ष), निवासी मेहरमा शामिल हैं। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

लोक मंच का होली मिलन 28 को

गोड्डा । वर्षों पूर्व स्थापित परंपरानुसार लोक मंच द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन मासान्त तिथि 28 फरवरी दिन शनिवार को संध्या 6 बजे से स्थानीय नेताजी नगर स्थित मदन निवास में होगा। उक्त आशय कि जानकारी देते हुए मंच सचिव सर्वजीत झा अंतेवासी ने बताया कि उक्त आयोजन के तहत पारंपरिक व आधुनिक होली गीत गायन एवं हास्य काव्य पाठ के अलावा परंपरानुसार मूर्खाधिराज एवं महा मूर्खाधिराज का सर्वसम्मत चयन कर अगले एक साल के लिए उनकी ताजपोशी के साथ उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई जाएगी।

खबर का असर : ठीक हुआ चापाकल

पथरगामा । समाचार पत्रों में छवि खबर पर चौकस हुआ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग। खबर पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विभाग के कार्यपालक अभियंता ने मिस्त्री को भेज कर लौंगाय पंचायत के बंदनवार तथा लखन पहाड़ी के बारकोड के खराब पड़े चंपा कल की मरम्मत कराई। मालूम हो कि लखन पहाड़ी पंचायत अंतर्गत बारकोप गांव में पिछले 1 माह से सरकारी चापाकल खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण ग्रामीणों के बीच पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है। बताया जाता है। कि चापाकल के पाइप में लीकेज होने के कारण चापाकल पानी नहीं दे रहा है। बारकोप ग्रामीण कट्टी पंडित, अर्जुन पंडित,मिथुन पंडित तथा बंदनवार के राजेश मिश्रा, अनंत मिश्रा, बॉबी मिश्रा, पिंटू मिश्रा, गोपाल दुबे आदि ने बताया कि गर्मी अवसर पर सवार होने लगा है को देखते हुए लोग हलकान हो रहे थे। क्योंकि चापाकल के खराब रहने के कारण आसपास के लगभग कई घरो के ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। गांव के खराब पड़े चापाकल का पानी पीने योग्य होने की वजह से ग्रामीण इस चापाकल से पानी लिया करते थे। लेकिन चापाकल के खराब होने की वजह से से ग्रामीण प्रतिदिन गांव के आगे के चापाकल से डब्बा में पानी ढोकर अपने घरों तक लाने को मजबूर है। चापाकल खराब होने की वजह से सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को उठानी पड़ रही है। घरेलू दैनिक कार्य के अलावा स्नान आदि में भी महिलाओं को समस्या झेलनी पड़ती है। बताया गया कि संबंधित विभाग को चापाकल में आई खराबी से अवगत कराया जा चुका था ।

बजट जनता विरोधी, किसानों- युवाओं की उम्मीदों के साथ धोखा : फ़ुरकान अंसारी

यह बजट नहीं, जनता के साथ विश्वासघात है

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । पूर्व सांसद फ़ुरकान अंसारी ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट पूरी तरह से जन-विरोधी है और आम जनता, किसान तथा छात्र-छात्राओं की उम्मीदों पर खुला और करारा प्रहार है। उन्होंने कहा कि देश का किसान आज कर्ज़, महंगे बीज-खाद, सिंचाई संकट और फसल के उचित दाम न मिलने से बेहाल है, लेकिन इस बजट में

किसानों के लिए न एमएसपी की गारंटी है, न कर्ज़ माफी और न ही उनकी आमदनी बढ़ाने का कोई ठोस रोडमैप। यह बजट किसानों के दर्द को समझने में पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है।फ़ुरकान अंसारी ने कहा कि युवा और छात्र-छात्राओं के लिए यह बजट निराशा का दस्तावेज़ है। शिक्षा लगातार महंगी होती जा रही है, बेरोज़गारी चरम पर है, लेकिन न तो रोजगार सृजन की कोई ठोस योजना दिखाई देती है और न ही शिक्षा को सुलभ बनाने की कोई गंभीर पहल। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट आम आदमी के लिए नहीं, बल्कि बड़े कॉर्पोरेट घरानों और पूंजीपतियों को खुश करने के लिए लाया गया है। देश की मेहनतकश जनता पर बोझ डाला जा रहा है, जबकि चंद उद्योगपतियों को खुली छूट दी जा रही है। पूर्व सांसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसा बजट जो गरीब, किसान और युवा को नज़रअंदाज़ करे, उसे देश की जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी।

रेड़ी में तीन दिवसीय शिव-पार्वती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 20 फ़रवरी से शुरु

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । सदर प्रखंड अंतर्गत रेड़ी गांव स्थित नव-निर्मित शिव मंदिर में भगवान शिव एवं माता पार्वती की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा 20 से 22 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय धार्मिक महोत्सव के रूप में संपन्न होगी। ग्रामवासियों के सामूहिक सहयोग, श्रद्धा और समर्पण से निर्मित यह मंदिर क्षेत्र की आस्था एवं आध्यात्मिक चेतना का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। आयोजन को लेकर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में व्यापक उत्साह व्याप्त है तथा तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। महोत्सव का शुभारंभ 20 फरवरी को प्रातः 9 बजे भव्य कलश शोभायात्रा से होगा। दुबराजपुर स्थित शिव-पार्वती मंदिर से विधिवत पूजन-अर्चन के उपरांत 251 कलशों में पवित्र जल भरकर श्रद्धालु शोभायात्रा के रूप में

रेड़ी गांव तक लाएंगे। महिलाओं के मंगलगीत, वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्रद्धालुओं के जयघोष से वातावरण भक्तिमय रहेगा। आयोजन समिति के अनुसार, शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेगी।21 फरवरी को शिव परिवार की आकर्षक झांकी के साथ नगर भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भजन-कीर्तन, सत्संग एवं विविध धार्मिक अनुष्ठानों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है। पारंपरिक वाद्य यंत्रों, धार्मिक ध्वजों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समूचा क्षेत्र शिवमय वातावरण में सराबोर रहेगा। 22 फरवरी को वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में रुद्राभिषेक, हवन-पूजन एवं मंत्रोच्चार के मध्य प्रतिमाओं की विधिवत स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा संपन्न की जाएगी। अनुष्ठान की पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।आयोजन समिति के सदस्य कुमार मधुकर झा, पीयूष झा, आशीष रंजन मिश्रा, किशोर मिश्रा एवं पंडित नितेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि यह मंदिर ग्राम की धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक जागरूकता और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का केंद्र बनेगा। पंडित नितेश कुमार मिश्रा ने कहा, ÷प्राण प्रतिष्ठा वैदिक परंपरा के अनुसार दिव्य चेतना के आवाहन की प्रक्रिया है। इससे मंदिर केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का जीवंत केंद्र बनता है। यह आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संस्कारों और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा तथा नई पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कृति से जोड़ने की प्रेरणा देगा।÷

अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट में गोड्डा ने साहिबगंज को 5 विकेट से पराजित किया

संताल एक्सप्रेस

गोड्डा । झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में स्थानीय गाँधी मैदान में आयोजित अंतर जिला अंडर 23 क्रिकेट टूर्नामेंट मैच में साहेबगंज और गोड्डा के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें गोड्डा अंडर-23 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव ने टॉस उछालकर किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि आप बेहतर प्रदर्शन कर अपना एवं अपने जिले का नाम रौशन करें। जिला क्रिकेट संघ गोड्डा हमेशा शानदार आयोजन करती है। वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए साहिबगंज की टीम 50 ओवर में 230 रन पर ऑलआउट हो गई। साहेबगंज के लिए मिस्टर एनर्जी ने 63 गेंदों पर 60 रन बनाकर टीम को

सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाने में योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोड्डा की टीम ने 39.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 234 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।टीम की जीत के नायक सचिन यादव और मोहित सिंह रहे। मोहित सिंह ने 62 गेंदों पर 66 रनों की शानदार पारी खेली जबकि सचिन यादव ने 60 गेंद में 61 रन की पारी खेली। गोड्डा की ओर से गौरव कुमार ने किफायती गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में मात्र 25 रन देकर 3 विकेट झटके। सौरभ मांझी एवं मोहित सिंह ने भी 2-2 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। प्लेयर ऑफ द मैच हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मोहित सिंह को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। लाइजनिंग ऑफिसर प्रणय तिवारी ने मोहित सिंह को पांच हजार का चेक एवं ट्रॉफी प्रदान किया। इस अवसर पर जेएससीए के पर्यवेक्षक सह पूर्व रणजी खिलाड़ी कौशल सिंह, अंपायर संजीव रंजन, संजय पांडे स्कोरर शुभम कुमार, संघ के उपाध्यक्ष अमित बोस, शाहिद इकबाल, अजय दुबे, शिवकुमार यादव, डॉक्टर एस एस हसन, संजीव कुमार, शिवशंकर पंडित, सनोज कुमार, मुकेश मंडल, सुजीत कुमार, अवधेश, दिव्यप्रकाश, अजित, राहुल, मुकेश मोदी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। कल का मुकाबला पाकुड़ बनाम साहेबगंज।

सेमेस्टर एक की आंतरिक परीक्षा आयोजित

साहिबगंज।बोरियो प्रखंड के शिबू सोरेन जन जातीय डिग्री महाविद्यालय में संचालित यूजी 2025-29 सत्र के सेमेस्टर एक की आंतरिक परीक्षा मंगलवार को सम्पन्न हुई. मंगलवार को अंतिम दिन माईनर विषय की परीक्षा हुई. मौके पर प्राचार्य प्रो. बीएन ठाकुर, प्रभारी प्राचार्य प्रो. नजरूल इस्लाम, प्रो. नागराज राय, प्रो. शंकर रमाणी, प्रो. स्नेह लता, प्रो. मेरी, प्रो. बिमोला मरांडी, प्रो. मसी मुर्मू, भोला साह, रवि कुमार, नीतू सिंह आदि थे.

एकल अभियान के तहत दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर

संताल एक्सप्रेस

मेहरमा । प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सिंघाड़ी स्थित भारत माता कल्याण मंडप में एकल अभियान द्वारा संचालित एकल विद्यालय के नवीन आचार्यों के लिए दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोड्डा के जिला सह संघचालक एतवारी मुर्मू एवं जिला सेवा भारती के कोषाध्यक्ष जयकांत भगत ने विधिवत दीप प्रज्वलित कर तथा भारत माता एवं सरस्वती माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। प्रशिक्षण प्रमुख संजय कुमार ने बताया कि इस दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं को पंचमुखी शिक्षा के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा, आरोग्य शिक्षा, ग्राम विकास शिक्षा, जागरण शिक्षा एवं संस्कार शिक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जहां सरकारी विद्यालय उपलब्ध नहीं हैं या बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, वहां एकल अभियान के तहत प्रशिक्षित आचार्य बच्चों को शिक्षा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोड्डा के जिला कार्यवाह सुबोध कुमार, मेहरमा खंड कार्यवाह पंकज कुमार, गणेश कुमार पोद्दार, राजेश झा, फणीलाल कुशवाहा, अभिषेक कुमार, अवध बिहारी सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाएं उपस्थित रहीं।

एनडीआरएफ की टीम ने बच्चों को दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां

संताल एक्सप्रेस

बोरियो। उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को एनडीआरएफ की टीम ने बच्चों को जीवन बचाने के लिए कई अहम जानकारियां दी. टीम ने किसी व्यक्ति के हृदय गति रुकने पर सीपीआर देने, किसी दुर्घटना में कटने या चोट लगने पर खून बहने से रोकने एवं सांप के काटने पर तत्काल प्राथमिक उपचार करने की विस्तृत जानकारी देते हुए टीम ने बच्चों को प्रेक्टिकल कर के दिखाया.मौके पर शिक्षक राजकुमार सरकार, मो0आलम हुसैन, भवानी कुमारी मुंडा, आनंद सौरभ, रमेश चौधरी सहित अन्य मौजूद थे.

एमडीए कार्यक्रम को लेकर लोगो को किया जागरूक

संताल एक्सप्रेस /बोरियो। सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान के नेतृत्व में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों अंतर्गत छोटा पांगड़ो, बड़ा मदनशाही के पंचायत समिति, वार्ड सदस्यों एवं ग्रामीणों के बीच बैठक कर लोगों को एमडीए कार्यक्रम के प्रति लोगो को जानकारियां देते हुए जागरूक किया गया. कार्यक्रम में सभी लक्षित जन समुदाय को दवा खाने की अपील की. साथ ही सिविल सर्जन के द्वारा मदनशाही के विभिन्न गली मोहल्ले में एमडीए कार्यक्रम के तहत सभी इंकार किए गए लोगों को एमडीए का दवा खिलाया गया. गांव में उपस्थित सभी लोगों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई. लोगों को एमडीए कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में बताया गया. वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार एवं पिरामल स्वास्थ्य श्रवण कुमार झा के द्वारा घर घर भ्रमण कर लोगों को समझा बुझा कर दवा खिलाई गई. साथ ही सभी लोगों को गर्भवती महिलाओ, एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़ कर सभी लक्षित जन -सामुदाय को दवा सेवन करने को कहा गया. वही छोटा पांगड़ो विद्यालय में सभी बच्चों को एमडीए के बारे में जानकारी दी गई. बताया गया कि स्कूल के सभी बच्चों को बुधवार को दवाई खिलाया जायेगा. मौके पर बीपीएम बिष्णु कुमार भगत, एमटीएस मनोहर पंडित, एमपीडब्ल्यू विनोद कुमार सिंह फजिला रहमान सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे.

ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन अपनी मांगों के समर्थन में आज निकालेगी पदयात्रा

संताल एक्सप्रेस

पाकुड़ । आज 18 फरवरी 2026 को ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा द्वारा ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के तत्वाधान में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन कोलकाता के बैनर तले एक पद यात्रा का आयोजन किया गया है। पदयात्रा रेलवे यूनियन ऑफिस के परिसर से प्रारंभ होकर एक नंबर प्लेटफार्म होते हुए पाकुड़ यार्ड तक जाएगी। इस पदयात्रा के माध्यम से ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन रेलवे में खाली पड़े पदों पर जल्द नियुक्ति करने,नए कामों के लिए नए पदों का सृजन करने,रेलवे में आउटसोर्सिंग को बंद करने,आठवें वेतन आयोग को जल्द से जल्द लागू करने, नए श्रमिक कानून को रद्द करने , सभी श्रेणी के कर्मचारियों को रिस्क अलाउंस प्रारंभ करने, पाकुड़ कोल साइडिंग तथा पत्थर साइडिंग में काम करने वाले कर्मचारियों को कोल भत्ता चालू करने, विद्युत विभाग (सामान्य) के कर्मचारियों को ड्रेस अलाउंस प्रारंभ करने, पॉइंट्स मैन कैडर के लिए चार स्तरीय वेतन संरचना का आरंभ करने इत्यादि कई मांगों को लेकर एक जागरूकता पदयात्रा का आयोजन किया गया है।
-संजय कुमार ओझा सचिव ,पूर्वी रेलवे मेंस यूनियन, पाकुड़ शाखा अनियन और ऑल इंडिया रेलवे में फाउंडेशन द्वारा उठाए गए मांगों के समर्थन में पदयात्रा में शामिल होने की आग्रह की है।

जनता दरबार में सुनी गई लोगों की जनसमस्याएं

जामताड़ा। जामताड़ा जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुना गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रवि आनंद ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित इस जन सुनवाई कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों पर सीधे संवाद किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।जनता दरबार में जमीन विवाद, शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटि सुधार, अवैध अतिक्रमण तथा छात्राओं से जुड़ी शैक्षणिक समस्याओं सहित कई अहम मुद्दे उठे। एक महिला ने शैक्षणिक प्रमाण पत्र में पिता के नाम की गलती के कारण हो रही परेशानियों की जानकारी दी, जिस पर उपायुक्त ने त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग को दिशा-निर्देश दिए। वहीं जमीन विवाद से जुड़े मामलों में भी जांच कर शीघ्र प्रतिवेदन देने का निर्देश संबंधित अंचल अधिकारी को दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का प्रशासनिक स्तर पर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे हर मंगलवार आयोजित इस कार्यक्रम में अपनी समस्याएं निसंकोच प्रस्तुत करें, ताकि नियमानुसार उचित कार्रवाई कर राहत पहुंचाई जा सके। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने प्रशासन की पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण का आयोजन

राजमहल । राजमहल प्रखंड सभागार में मनरेगा के तहत् एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ ने प्रशिक्षण में आये सभी ग्राम रोजगार सेवक, बागवानी सखी और बीएफटी को बागवानी योजना के क्रियान्वयन में निगरानी हेतु आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया. प्रशिक्षक के रूप में बीपीओ गगन बापू, कनीय अभियंता मो एहसानुल जमील, सोनू कुमार ने सभी को बागवानी योजना से संबंधित बागवानी सखी ऐप के माध्यम से योजना की गुणवत्ता और क्रियान्वयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया. इस क्रम में नए किसान का चयन, योजना के चयन पूर्व की गतिविधि, गड्ढा खुदाई के समय, पौधा रोपाई के समय और पौधा रोपाई के बाद की विभिन्न बिंदु पर चर्चा की. बागवानी सखी द्वारा सभी योजना का भौतिक रूप से स्थल जांच कर ऐप के माध्यम से डेटा अपलोड करना है. इससे बागवानी योजना की उत्तरजीविता पर सकारात्मक प्रभाव होगा. इस दौरान बीपीओ श्वेता, गगन बापू, सहायक अभियंता विकास कुमार चौधरी, कनीय अभियंता मो एहसानुल जमील, दीपनारायण मंडल,जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक राजेश कुमार, लेखा सहायक मो सोहर वर्दी,ग्राम रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे.

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू

साहिबगंज । साहिबगंज जिले के सीबीएसई बोर्ड की ओर से आयोजित 10 वीं बोर्ड परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई. जिला मुख्यालय में तीन परीक्षा केन्द्र पूर्व रेलवे हाई स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय एवं केन्द्रीय विद्यालय में बनाया गया था. मंगलवार को पहली पाली में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक की परीक्षा हुई. पहले दिन 10 वीं के लिए गणित बेसिक व गणित स्टैंडर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में हुई.वही शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी के अलावे पुलिस बल मौजूद थे.

बच्चे चोरी के आरोप में एक आदमी पकड़ाया

कर्माटांड़ । कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के कर्माटांड़ बस्ती में,एक आदमी को बच्चे चोरी करने के आरोप में,उसे शक के माध्यम पकड़ा गया, वह व्यक्ति सही से अपना नाम पता नहीं बताने के कारण लोगों को और ज्यादा उस पर शक हुआ, तो बस्ती के लोगों ने उसको पकड़ कर बैठाया, और उसके तलाशी लिया तलाशी लेने के क्रम में उसके पास से बैग में दो चाकू एक कुल्हाड़ी एक ग्लव्स समेत कई चीज उसके बैग में पाया गया, तब वहां के लोगों ने उन्हें पड़कर पुलिस को फोन करके बुलाकर, वही मौके पर इस घटना की सूचना मिलते ही सी विकास कुमार मौके पर पहुंचे, और उसे व्यक्ति को पकड़ कर अपने साथ ले गए, वहीं पुलिस द्वारा उस व्यक्ति की जांच पड़ताल कर रही है

पथरगामा में चैती दुर्गा पूजा समारोह समिति गठित

पथरगामा । बाबाजी पहाड़ पर अवस्थित चिहारी पीठ को सजाने और संवारने तथा धार्मिक- सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु ÷चिहारी पीठ संविधान सह चैती दुर्गा पूजा समारोह समिति÷ का गठन किया गया जिसका कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। क्षेत्र के ग्रामीण तथा युवा वर्ग ने बीते रात चिहारी पीठ के दुर्गा मंदिर में निर्णय लिया गया कि चिहारी पीठ को विशेष संरक्षण, संवर्धन और संरक्षण की जरूरत है। समिति का गठन पांच वर्षों के लिए किया गया। सर्वसम्मति से इन्द्रजीत तिवारी को समिति का संरक्षक निर्वाचित किया गया जबकि बलराम कुमार अपर संरक्षक बनाया गया। सर्वसम्मति से संतोष कुमार महतो अध्यक्ष, सिकन्दर प्रसाद यादव उपाध्यक्ष, बिकास कुमार यादव महासचिव और श्याम लाल यादव सचिव बनाये गये। सत्य प्रकाश कोषाध्यक्ष तथा अरबिंद यादव उप कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। आनंद बिहारी को उपसचिव बनाया गया। चिहारी पीठ में दुर्गा मंदिर का भव्य और दिव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया गया। इस वर्ष चैती दुर्गा पूजा समारोह का विशिष्ट आयोजन करने तथा मनोरंजन एवं सांस्कृतिक आयोजन पर ध्यान केंद्रित करने का प्रस्ताव पारित हुआ।

बंगाल का भविष्यः धर्म की लहर या प्रगति की राह?

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी बाकी हो, पर राजनीतिक रणभेरी बज चुकी है। इस बार संकेत साफ हैं-चुनाव विकास बनाम विकास के दावे पर नहीं, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म की ध्वजा के इर्द-गिर्द घूम सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर राज्य भर में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलनों को भारतीय जनता पार्टी एक वैचारिक उत्सव भर नहीं, बल्कि चुनावी अवसर में बदलने की रणनीति पर आगे बढ़ती दिख रही है। दूसरी ओर ममता बनर्जी ने भी यह समझ लिया है कि यदि चुनाव की जमीन धार्मिक विमर्श पर खिसकती है तो उसे खाली नहीं छोड़ा जा सकता। कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास और उसे बंगाली अस्मिता से जोड़ने का प्रयास इसी रणनीतिक सजगता का हिस्सा है। बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग-संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही। लगभग तीन दशक तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभुत्व था। किंतु 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ एक नई धुरी बनी-तृणमूल बनाम भाजपा। आज स्थिति यह है कि वाम और कांग्रेस हाशिए पर हैं और मुकाबला दो ध्रूवों के बीच सिमट चुका है। यही द्विध्रूवीयता चुनाव को अधिक तीखा और अधिक पहचान-केन्द्रित बना रही है। भाजपा का अभियान चार प्रमुख सूत्रों पर टिका है-बंगाल में हिंदू खतरे में है, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की असुरक्षा और भ्रष्टाचार। सीमावर्ती जिलों का उदाहरण देकर यह संदेश गढ़ा जा रहा है कि जनसांख्यिकीय संतुलन बदल रहा है। अवैध घुसपैठ का प्रश्न नया नहीं है, पर उसे इस समय राजनीतिक ऊर्जा के साथ जोड़ा जा रहा है। आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना, शिक्षक भर्ती घोटाले, हिन्दुओं पर बढ़ते अत्याचार एवं भ्रष्टाचार जैसे प्रसंगों को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। भाजपा का लक्ष्य स्पष्ट है-70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं में एक साझा असुरक्षा-बोध निर्मित करना, हिन्दुओं को जागृत करना और उसे मतदान व्यवहार में रूपांतरित करना। आज बंगाल में विकास की सबसे बड़ी बाधा घुसपैठियों का बढ़ना है। घुसपैठियों पर विराम लगाना चाहिए न कि इस मुद्दे पर राजनीति हो। ममता बनर्जी की चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें यह संदेश देना है कि वे अल्पसंख्यकों की संरक्षक हैं, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह विश्वास भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को आक्रामक रूप से उछाला, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से एक सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया था। इस बार वे दुर्गा आंगन जैसे प्रतीकों के जरिए यह संकेत दे रही हैं कि बंगाली हिंदू पहचान भाजपा की बपौती नहीं है। वे धर्म को राष्ट्रवाद की बजाय क्षेत्रीय अस्मिता के साथ जोड़ती हैं÷बंगाल अपनी संस्कृति से हिंदू है, पर उसकी राजनीति बहुलतावादी है÷-यह उनका अंतर्निहित संदेश है। इसी बीच मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता हुमायूं कबीर द्वारा 'बाबरी मस्जिद' के शिलान्यास की पहल ने नई जटिलता जोड़ दी है। इससे मुस्लिम मतदाताओं के भीतर एक अलग ध्रूवीकरण की संभावना पैदा हुई है। यदि मुस्लिम वोटों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकती है। 2021 में उसे लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं-जिसमें मुस्लिम मतों का एकमुश्त समर्थन निर्णायक था। भाजपा 38 प्रतिशत वोट के साथ 65 सीटें जीतकर मुख्य विपक्ष बनी। ऐसे में यदि मुस्लिम मत 5-10 प्रतिशत भी इधर-उधर खिसकते हैं, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है और भाजपा पूर्ण बहुमत से सत्ता में आ सकती है। यहां प्रश्न केवल गणित का नहीं, राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल का चुनाव धार्मिक पहचान के उभार का प्रयोगशाला बनेगा? या यह प्रयोग अंततः विकास, रोजगार और बुनियादी ढांचे के प्रश्नों पर लौटेगा? विडंबना यह है कि जिस बंगाल को कभी देश की आर्थिक राजधानी कहा जाता था-जहां से उद्योग, शिक्षा और सांस्कृतिक नवजागरण की रोशनी फैलती थी, वह आज अधूरे प्रोजेक्ट्स, धीमी औद्योगिक गति और रोजगार के पलायन से जूझ रहा है। कोलकाता की सड़कों पर अधूरी मेट्रो लाइनें और बंद कारखानों की चुप्पी विकास की उस कहानी को बयान करती हैं, जो राजनीतिक नारों के शोर में दब जाती है। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था। भूमि अधिग्रहण के प्रश्न पर जनसमर्थन पाने वाली राजनीति ने उद्योग के प्रति संशय का वातावरण भी बनाया। पंद्रह वर्षों बाद भी बंगाल बड़े निवेश की प्रतीक्षा में है। युवा रोजगार के लिए बाहर जा रहे हैं, और कई राज्यों में उन्हें 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं, आत्मसम्मान का प्रश्न भी है।

बजट विकास का आईना होता है

अयोध्या नाथ मिश्र

संसद /विधान मंडलों के सत्रों में बजट सत्र विशिष्ट होता है। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। 24 फरवरी को वित्त वर्ष 26- 27 का आय-व्ययक अर्थात बजट सदन में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया जाएगा। बजट राज्य के समग्र विकास ,वित्तीय -आर्थिक प्रबंधन एवं सार्वदेशिक प्रगति (ग्रोथ) का संदेश लाता है ।यह वह आईना होता है जिसमें आम -अवाम अपने भविष्य की रूपरेखा और संभावनाएं तलासता है ।

इसके एक दिन पूर्व अर्थात 23 फरवरी को अद्यतन विकास, विनियोग और सकल-सफल उपक्रमों के आउटकम का लेखा-जोखा अर्थात आर्थिक सर्वेक्षण (इकोनॉमिक सर्वे) सदन में सरकार द्वारा पेश किया जाएगा। यह एक भारी भरकम आर्थिक-वित्तीय दस्तावेज होता है जो मौलिक -भौतिक उपलब्धियों का तथ्यात्मक विवरण रखता है। सरकार इसके माध्यम से सभी मानकों में विकास और ग्रोथ के साथ आउटकम का विवरण रखती है। जीएसडीपी का वृद्धि दर, प्रति व्यक्ति आय -निवेश, जीएसवीए की हिस्सेदारी, राजकोषीय विकास-घाटा एवं वित्तीय संसाधन, राजस्व प्राप्तियां, संस्थागत वित्त एवं मांगवार अद्यतन वित्तीय स्थिति, उपबंध खर्च ,ऋण देयता हूं आज का विवरण आमतौर सर्वे में होता है। इस दस्तावेज से अपेक्षा रहती है कि यह अपने गहन तथ्यात्मक विवरण के साथ भविष्य में राजस्व वृद्धि, संसाधनों के गुणात्मक संचय एवं लोक हित में बेहतर योजनाओं का विस्तृत मार्गदर्शन करें। लेकिन आम तौर सर्वेक्षण केवल विगत वर्षों का विवरण प्रस्तुत करता है । आर्थिक सर्वेक्षण राजस्व प्रशासन एवं सफल- सकल विनियोग का गाइडलाइन भी निर्देशित करें तो सरकार के लिए सुगमता होगी।

सरकार वित्त मंत्री के बजट भाषण (वक्तव्य) के माध्यम से राज्य के राजस्व नीतियों एवं कार्यक्रमों का विवेचनात्मक विवरण पेश करती है। यह वक्तव्य बजट का पार्ट होता है। सरकार बजट को सहभागी समावेशी बनाने के लिए सभी आर्थिक पक्षों से परामर्श लेती है। इसके लिए अत्याधुनिक संवाद तकनीक का सहयोग लिया जाता है। भले ही सरकार अपनी बाध्यताओं के चलते सुझावों का समावेश न कर पाए पर बजट को आम बनाना बेहतर प्रयास है? इस वर्ष भी सरकार ने काफी प्रयत्न किया है। निश्चित रूप से लोगहित की अनेक बातें सरकार के संज्ञान में आई होगी और उनमें से कुछ का समावेश हो भी सकता है।

यहां मेरा अभिष्ट बजट के उपांगों की तात्विक मीमांसा नहीं है, इतना संतोषप्रद है कि पुनर्गठन से लेकर अब तक राज्य का बजट (योजना बजट भी) उत्तरोत्तर विकासोन्मुख रहा है ।कुल मिलाकर जीएसडीपी ग्रोथ भी राष्ट्रीय औसत से प्राय अधिक ही रहा है ,पर इतना पर्याप्त नहीं है। फेडरल सिस्टम में क्षेत्रीय असंतुलन कई बीमारियों को जन्म देता है। ऐसे में ग्रोथ राष्ट्रीय रफ्तार के साथ कमोबेश समेकित हो ,संतुलित हो तो बेहतर।

कई कारणों से राज्यों की आर्थिकता एवं विकास संतुलित नहीं कहे जाएंगे। यही कारण है कि पूर्व में योजनाओं के निरूपण के लिए नीति नियामकों ने संतुलित क्षत्रीय विकास की अवधारणा को आर्थिक वित्तीय संतुलन के लिए महत्व दिया। अतिक्ति नहीं होगी कहने में कि देश की पहली पंक्ति में खड़े राज्यों एवं पीछे छूट रहे राज्यों की प्रति व्यक्ति आय में जमीन आसमान की और असमानता है! 23-24 में गोवा की प्रति व्यक्ति आय 3.57 लाख थी सिक्किम की 2.92 लाख । इसवर्ष झारखंड की प्रति व्यक्ति आय 65 हजार बतायी गयी । आलोच्य वर्ष में उत्तर प्रदेश 50 हजार से ऊपर तो बिहार 32 हजार से अधिक आकलित था। आशय यह कि भारी क्षेत्रीय असंतुलन विकास को बाधित करेगा हीं। प्रसन्नता है कि ये राज्य तेज गति से आगे बढ़ने को प्रयासरत हैं, पर राष्ट्रीय औसत 2.58 लाख अभी बहुत दूर है ।

सर्वे और बजट में सरकार राजस्व प्राप्तियां एवं प्रबंधन की उन सारी बातों को तथ्यात्मक ढंग से रखेगी जो संतुलित विकास के लिए संसाधन अभिवृद्धि के कारक हैं। पर आम जनता तो अपने ग्रोथ ,अपना विकास, अपनी जेब की स्थिति से बजट का मूल्यांकन करती है। बिना करभार के सारी सुविधाएं, लोकोपयोगी सेवाएं और व्यक्तिगत विकास के अवसर तो हमें चाहिए हीं ऊपर से सहाय्य ,अनुदान वृत्तीयां आदि में भी कोई कटौती न हो। एक बड़ा वर्ग है जो अपने लाभ की तराजू पर ही बजट के गुण दोष को तौलता है। सरकार ने विगत दो वर्षो के बजट में राज्य की इकोनॉमी को जीएसडीपी को 29 -30 तक 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अपेक्षा है 26 -27 का आनेवाला बजट इस दिशा में लक्ष्य के प्रति समर्थक और सहयोगी सिद्ध होगा । राज्य विकास, संसाधन और वित्तीय प्रबंधन का राष्ट्रीय औसत जितना जल्दी छू ले वह समग्र विकास की दिशा में बेहतर प्रयासों का परिणाम होगा। बजट को उसे दिशा में तेज और ईमानदार प्रयास का साक्षी होना चाहिए। सचिव, सामाजिक - आर्थिक एवं संसदीय अध्ययन केन्द्र

मौत का कारण बनते ऑनलाइन गेम

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

कोरियन लवर गेम के चलते गाजियाबाद की तीन बहनों की खुदकुशी ने आज के हालात और बच्चों की बदलती मानसिकता को लेकर झकझोर कर रख दिया है। अभी तीन बहनों की चिता की आग ठंडी भी नहीं हुई कि ऑनलाइन गेम के चलते मेरठ का 22 वर्षीय युवक मोहम्मद कैफ हेडफोन लगाकार गेम खेलते खेलते ही बेहोश होकर गिर गया और ब्रेन हेमरेज होने से मौत के आगोश में समा गया।

इसे इंटरनेट गेमिंग डिसआर्डर के रुप में देखा व समझा जा सकता है।इस तरह की घटनाएं देश-दुनिया में आये दिन हो रही है और इनमें से कुछ ही घटनाएं हमारे सामने आ पाती है। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन गेम की गिरफ्त में हमारे देश के बच्चे या युवा आ रहे हों अपितु दुनिया के अधिकांश देश इस समस्या से दो-चार हो रहे हैं। इस तरह की घटनाओं को हत्या के रुप में ही देखा जाना चाहिए। आत्महत्या कहकर इसे हल्का किया जा रहा है। हालात यहां तक है कि बच्चे या ऑनलाइन गेम खेलने वाले रात को सोने की स्थिति में गेम में चल रहे टास्क से संबंधित बातें बोलते हुए देखे जा सकते हैं। पिछले दिनों ऑनलाइन गेम से ग्रसित बच्चे द्वारा नींद में फायर-फायर चिल्लाने का समाचार आम होता देखा गया।

दरअसल, ऑनलाइन गेम मनोस्थिति को इस कदर प्रभावित कर देते हैं कि उठते-बैठते टास्क ही टास्क दिमाग में घूमता रहा है। इसी कारण से दुनिया के कई देशों में बच्चों के लिए इंटरनेट के उपयोग को लेकर सख्ती या रोक जैसे कदम उठाने शुरु किये हैं। आस्ट्रेलिया, फ्रांस, ब्रिट्रेन, सिंगापुर दक्षिण कोरिया आदि देश इस दिषा में सक्रिय हुए हैं।दरअसल, देखा जाएं तो आनलाइन गेम की लत अन्य नशों से भी अधिक गंभीर होती जा रही है।

माना जाता है कि दुनिया के देशों में 1982 में आनलाइन गेमिंग के चलते पहली मौत का मामला सामने आया था जबकि उस समय तो इंटरनेट की पहुंच एक प्रतिशत तक भी नहीं थी। 2022 के बाद ऑनलाइन गेमों की बाढ़ सी आ गई और भारत ही नहीं दुनिया के देशों में गेमिंग के चलते होने वाले दुष्प्रभावों से हिला कर रख दिया है।

देखा जाए तो जहां तक बच्चों में ऑनलाइन गेमिंग के चस्के का प्रमुख कारण माना जाए तो इसे कोविड के साइड इफेक्ट के रुप में देखा जा सकता है। कोविड के चलते बच्चों की जिस तरह से ऑनलाइन कक्षाएं शुरु हुई और जिस तरह से आज भी इसे देखा जा सकता है तो बच्चों के हाथों में एंड्रायड़ फोन आने और ऑनलाइन कक्षाओं के बाद स्क्रिन की अवधि बढ़ने और आकर्षक भ्रमित करने वाले गेमों से बच्चों के जुड़ने से हालात दिन-प्रतिदिन खराब ही हुए हैं। इस लत में बच्चे ही नहीं अपितु युवा भी आते जा रहे हैं। ब्लू व्हेल चैलेंज, पबजी, चोकिंग गेम, फार्टनाइट, फ्री फायर, पपी प्ले टाइम, द बेबी इन येलो, एविल नन, आइसक्रीम आदि गेम ने सर्वाधिक प्रभावित किया है।

ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया मुख्यतौर से दो दिशाओं में चलती है। एक टास्कबेस्ड गेम है तो दूसरे इमर्सिव गेम है।

टास्कबेस्ड गेम में लगातार नए नए टास्क दिए जाते हैं। यहां तक कि ऐसा भी गया है कि इस तरह के गेम में कई बार तो खेलने वाले को स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाले टास्क दे दिए जाते हैं। वाइल्ड हंट, विचर 3, होरिजोन जैसे इस तरह के अनेक गेम है। यह तो केवल उदाहरण मात्र है। इसी तरह से इमर्सिंग गेमों में तकनीक और ग्राफिक्स के माध्यम से यर्थाथ दुनिया जैसे हालात दिखाते हैं। जीरो डॉन, रेड डेड, फॉलआउट और इसी तरह के अनेक गेम उपलब्ध है। खतरनाक तथ्य यह है कि 10-12 से लेकर 40 वर्ष तक के लोग इनके ज्यादा शिकार हो रहे हैं। ऑनलाइन गेमिंग की दुनिया की बात करें तो यह अपने आप में बड़ा व्यापार है। 2024 में 3.7 बिलियन के कारोबार को माना जा रहा है। साल 2029 तक इसके 9.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

यानी 2029 तक लगभग तीन गुणा बढ़ जाएगा। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि ऑनलाइन गेम के कारण भले ही मौत के समाचार कभी कभार ही सामने आते हो पर इससे ज्यादा गंभीरता यह है कि मनोवैज्ञानिक असर अधिक दिखाई देने लगा है। ऑनलाइन गेम के लत वालों में डर, अकेलापन, अनिंद्रा, खुद को नुकसान पहुंचाने के साथ ही शारीरिक और मानसिक विकार आम होते जा रहे हैं। कुंठा, आक्रोश, संवेदनहीनता, तनाव आम होते जा रहे हैं।समय आ गया है जब ऑनलाइन गेमिंग की समस्या का हल खोजा ही जाना चाहिए। अन्यथा हालात दिन-प्रतिदिन बद से बदतर ही होंगे। ऑनलाइन गेमिंग बनाने वालों को तो एक मात्र उद्देश्य अधिक से अधिक पैसा कमाना है उन्हें इसके दुष्प्रभावों से कोई लेना-देना नहीं होता।

हालांकि भारत सहित कुछ देशों की सरकारें सक्रिय हुई है। पर मनोवैज्ञानिकों को भी आगे आकर कोई समाधान खोजना होगा वहीं अभिभावकों, परिजनों व समाज का भी दायित्व हो जाता है। परिजनों को निरंतर निगरानी रखने, मोबाइल देखने की समय सीमा तय करने, किसी और रचनात्मक कार्य में लगाने, सामाजिक गतिविधियों में अधिक सक्रिय करने और परंपरागत आउट डोर गेम्स के प्रति रुचि पैदा करने के ठोस प्रयास करने ही होंगे। सरकार को भी मौत की राह में ले जाने वाले गेम फॉरमेट पर रोक लगाने के सख्त कदम उठाने होंगे।(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

पाकुड़ की खबरें

पुलिस ने चोरी मामले के एक आरोपी को भेजा जेल

पाकुड़। देर रात घर में चोरी करते हुए एक चोर को घरवालों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चांचकी गांव निवासी उजाइर हुसैन के घर में चोरी करने एक चोर घुसा था। आवाज सुनकर घर के लोग जग गया। परिवार वालों को देखते ही चोर छत से कूदकर भागने का प्रयास किया। हो हल्ला होने से आसपास के लोग जग गया और उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। पकड़े गए चोर की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेलपोखर निवासी आलिम शेख के रूप में की गई है। चोर के पास से हैमर, प्लायर और रेंच मिला। चोरी मामले को लेकर मकान मालिक ने थाना में आवेदन दिया है। आवेदन के आधार पर केस दर्ज किया गया। केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

गोचर भूमि पर बाहरी लोगों का कब्जा, ग्रामीणों ने दिया अल्टीमेटम

महेशपुर (पाकुड़) महेशपुर अंचल के मौजा हाथीमारा के ग्रामवासी द्वारा बीते 08- फरवरी को अनुमंडल पदाधिकारी पाकुड़ को एक आवेदन देकर आग्रह किया था कि मौजा हाथीमारा में गोचर भूमि आनावादी खाता संख्या - 63, दाग सं0 - 896 एवं 584 में बाहरी लोगों द्वारा गोचर भूमि को गैर कानूनी ढंग से अतिक्रमण कर रह रहे हैं। आवेदन के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी के द्वारा बाहरवासियों को करवाई करते हुए चार बार नोटिस क्या किया था। 4 फरवरी 2026 को अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने का आदेश दिया गया था परन्तु आंचल द्वारा इस भूमि पर कोई संज्ञान नहीं लिया है,न ही बाहरी वासी को कब्जा हटाया गया। ग्रामवासी विकास मुर्मू एवं सीतानेल बेसरा ने पुनः आवेदन देकर कहा है कि उक्त गोचर भूमि को जल्द से जल्द खाली कराया जाए अन्यथा अति विलंब होने पर एक सप्ताह के अंदर हम ग्रामवासी सड़क पर उतर जायेंगे और इसकी जिम्मेवारी खुद महेशपुर एवं पाकुड़ जिला प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य है की कोई बाहरी लोग आकर गोचर भूमि में कब्जा कर ले और आवेदन की बात भी कार्रवाई न हो और गोचर भूमि पर बाहरी लोग जमे रहे यह प्रशासन की सरासर लापरवाही है। गोचर भूमि जल्द से जल्द मुक्त होनी चाहिए।

डीसी ने मतपत्र विखंडीकरण कार्य का लिया जायजा

पाकुड़।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर बाजार समिति परिसर में चल रहे मतपत्र विखंडीकरण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्य को पूरी सतर्कता एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतपत्रों की बारीकी से जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाए। निर्धारित मानकों एवं राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कार्य संपादित करने पर विशेष जोर दिया गया।उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए मतपत्र विखंडीकरण कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है।

निकाय चुनाव गैर दलीय,सत्तारूढ़ गठबंधन की डोर ढीली, कार्यकर्ता बटे दो खेमा में

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। भले ही झारखंड में निकाय चुनाव गैरदलीय आधार पर हो किंतु राजनीतिक दल पूर्ण रूप से सक्रिय है और अपने-अपने समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की बात और अपनी राय रख रहे हैं। कार्यालय में बैठकों का दौर जारी है और समर्थित उम्मीदवार को जिताने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं । अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनसंपर्क अभियान तेज करने और आम जनता से वोट डालने की अपील कर रहे हैं। सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल पार्टी के बीच अपेक्षित तालमेल का अभाव दिख रहा है। फल स्वरुप अपने-अपने कार्यालय में विशेष बैठक कर चिन्हित चेहरे को आगे कर कार्यकर्ताओं को उनके प्रचार प्रसार में लगा दिया है। इससे कतिपय गठबंधन की डोर ढीली पड़ती नजर आ रही है।स्थिति यह हो गई है कि कही कहीं एक ही पार्टी के कई सदस्य चुनाव मैदान में है। इससे मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। किंतु आम जनता हैरान और परेशान है । कार्यकर्ता भी पूरी तरह से असमंजस में है कि वह किस खेमे में जाए। अब कार्यकर्ताओं में भी दरार उत्पन्न हो गए हैं। अपने-अपने पसंदीदा उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रहे हैं। गठबंधन के सहयोगी दल के समर्थित उम्मीदवार चुनाव मैदान में आमने-सामने हैं। एक ओर

सार्वजनिक तौर पर महागठबंधन को मजबूती और एकजुटता की बात कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर अलग-अलग बैठकों की दौर जारी है। कई वार्डो में स्थिति यह है कि एक ही मोहल्ले में एक ही पार्टी के या गठबंधन के अलग-अलग घटक दलों के समर्थक मतदाताओं से अपने-अपने प्रत्याशी के लिए समर्थन मांग रहे हैं । इससे कार्यकर्ताओं में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। गठबंधन की ढीली होती डोर और एक ही पार्टी से कई उम्मीदवारों के चुनाव मैदान में कूदने से निकाय चुनाव में कार्यकर्ताओं के मनोबल और पार्टी की शाख कथित रूप से दाव पर लगी है। स्पष्ट दिशा निर्देश के अभाव में कार्यकर्ताओं के साथ-साथ वोटर भी दुविधा में है। कार्यकर्ता भी दो खेमे में बटे नजर आ रहे हैं।

मतदाताओं के बीच के सवाल उठ रहा है कि जब राज्य स्तर पर गठबंधन कायम है तो स्थानीय स्तर पर तालमेल क्यों नहीं दिख रहा है? नेताओं की माने तो निकाय चुनाव स्थानीय मुद्दों पर आधारित होती है और वहां उम्मीदवारों की व्यक्तिगत छवि अधिक महत्वपूर्ण होती है। किंतु विशेषज्ञों की माने तो समन्वय की कमी भविष्य में बड़े चुनावी चुनौती बन सकती है।

प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

संताल एक्सप्रेस पाकुड़। नगर निकाय चुनाव को लेकर पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र से सभी प्रत्याशी अपने-अपने प्रचार प्रसार को तेज कर दिया है उनमें से एक भाजपा समर्थित प्रत्याशी सम्पा साहा ने सोमवार को कोर्ट परिसर , भगत पाड़ा, सिंचाई कॉलोनी, डाकघर रोड आदि में जबरदस्त जनसंपर्क अभियान चलाया। श्रीमती साहा ने कोर्ट परिसर, भगत पाड़ा आदि में अधिवक्ताओं एवं मोहल्ले वासियों से सहयोग एवं समर्थन मांगा एवं चुनाव चिन्ह का पर्चा वितरण किया। उन्होंने बताया कि मैं पाकुड़ नगर परिषद में अध्यक्ष पद के रूप में खड़ी हुई है तथा उनका चुनाव चिन्ह बाल्टी छाप है जो क्रम संख्या 9 पर है। श्रीमती साहा ने कहा नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में मैं पाकुड़ नगर के हर वार्ड में विकास का कार्य की हूं। पानी,सड़क,बिजली,सफाई कर समस्याओं का निदान करवाया है। शहरी जलापूर्ति योजना को धरातल पर लेकर आई हूं। आप सभी नगर वासियों के आशीर्वाद एवं सहयोग मिला तो जल्द ही पाकुड़ नगर के हर घर हर मोहल्ले में गंगा पानी पहुंचेगी तथा पेयजल की समस्या दूर होगी।शहर का रूका हुआ विकास पूरा होगा।जनता के अनुरूप क्षेत्र का विकास होगा।जनसंपर्क अभियान में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष सरिता मुर्मू, राष्ट्रीय मंत्री मिस्फिका हसन,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुग्राहित प्रसाद साह,पूर्व जिलाध्यक्ष बलराम दुबे,अमृत पांडेय,जिला महामंत्री रूपेश भगत,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र त्रिवेदी, दिलीप सिंह,अधिवक्ता मनीष पांडेय,संजीत मुखर्जी,नोरेन सहित दर्जनों मातृशक्ति मौजूद थी।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज - साहिबगंज में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम डॉ. अर्शी खानम एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पुनम कुमारी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, नशा मुक्ति को प्रोत्साहित करना तथा बच्चों एवं किशोर-किशोरियों के संरक्षण एवं सुरक्षा से संबंधित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करना था.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अर्शी खानम ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक स्वास्थ्य. मानसिक समस्याओं की समय पर पहचान, उचित परामर्श एवं उपचार से गंभीर परिस्थितियों को रोका जा सकता है. उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों, बालिकाओं एवं उनके परिवारों को प्रभावी परामर्श उपलब्ध कराने का आह्वान किया.वहीं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पुनम कुमारी ने किशोर-किशोरियों को नशा से दूर रखने, उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने तथा बाल संरक्षण तंत्र को सुदृढ़ बनाने पर बल दिया. उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों की रक्षा हेतु सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के बीच समन्वित प्रयास आवश्यक है.इस अवसर पर बाल कल्याण समिति, साहेबगंज, चाइल्ड हेल्पलाइन, मंथन संस्था, झारखंड विकास परिषद के सभी प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति एवं बाल संरक्षण के क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्य करने का संकल्प लिया.कार्यक्रम के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने तथा बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई.

आमजनों की समस्या से रूबरू हुए डीसी

पाकुड़।आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मनीष कुमार ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान जमीन से संबंधित, बिजली विभाग से संबंधित, सड़क से सम्बंधित, नाला का पानी आदि से संबंधित एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

घर-घर किया जा रहा है मतदाता पर्ची का वितरण

पाकुड़ ।जिला निर्वाचंन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देशानुसार नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर नगरपालिका क्षेत्र में मतदाता पर्ची का वितरण घर-घर किया जा रहा है, ताकि सभी मतदाता अपने मतदान केंद्र, क्रम संख्या एवं मतदान तिथि की जानकारी समय पर प्राप्त कर सकें और अधिकाधिक संख्या में मतदान कर सकें। इसी क्रम में आज मंगलवार को बीएलओ द्वारा उपायुक्त के आवास पर पहुंचकर उन्हें मतदाता पर्ची प्रदान किया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि प्राप्त मतदाता पर्ची को सुरक्षित रखें तथा निर्धारित तिथि को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर निर्भीक, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करें। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि वितरण कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता पर्ची प्राप्त करने से वंचित न रहे।

डीसी ने जिला अभिलेखागार का किया निरीक्षण

पाकुड़ । उपायुक्त मनीष कुमार ने जिला अभिलेखागार का निरीक्षण कर अभिलेखों और रिकॉर्ड की सुरक्षा, रख-रखाव और संचालन की समीक्षा की। उपायुक्त ने कहा कि अभिलेखागार में संधारित दस्तावेज जिले और नागरिकों के अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण हैं, अतः इनकी सुरक्षा एवं व्यवस्थित रख-रखाव अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिलेखों की स्थिति, पंजी संधारण, आवेदन निष्पादन की प्रगति तथा उपलब्ध सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिया तथा लंबित

लोग आपको वोट क्यों दें?

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

वार्ड 32 में विकास को लेकर क्या है उनकी प्राथमिकता?

सवाल : लोग आपको वोट क्यों दें?

जवाब : (दिलीप कुमार यादव) मेरा उद्देश्य राजनीति नहीं, सेवा है। वार्ड 32 में सबसे बड़ी समस्या साफ-सफाई और कचरा प्रबंधन की है। मैं नियमित सफाई व्यवस्था और कचरा निष्पादन की ठोस प्रणाली लागू करूंगा, ताकि मोहल्ले स्वच्छ और स्वस्थ रहें।

सवाल : नाली और जलजमाव की समस्या पर आपकी क्या योजना है?

जवाब : बरसात में जलजमाव बड़ी परेशानी बन जाती है। मैं नालियों की नियमित सफाई और स्थायी जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करूंगा, ताकि लोगों को राहत मिले।

सवाल : बुनियादी सुविधाओं को लेकर आपका विजन क्या है?

जवाब : सड़क, स्ट्रीट लाइट और पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता दूंगा। हर गली तक रोशनी और साफ पानी पहुंचे, यह मेरी प्रतिबद्धता है।

सवाल : जनकल्याण योजनाओं पर क्या कदम उठाएंगे?

जवाब : जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी सुविधाओं में लोगों को परेशानी न हो, इसके लिए सक्रिय सहयोग करूंगा। स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में बेहतर कार्य करते हुए आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान मेरी प्राथमिकता होगी।

वार्ड 34 की प्रत्याशी उर्मिला देवी से बातचीत

देवघर। देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या 34 में इस बार नगर निगम चुनाव को लेकर खासा उत्साह है। इस वार्ड में करीब 4200 मतदाता हैं, जो अपने क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं को लेकर जागरूक दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं मुद्दों के बीच वार्ड 34 की प्रत्याशी उर्मिला देवी से विकास, पारदर्शिता और जनसेवा को लेकर विशेष बातचीत की गई।

प्रश्न : वार्ड 34 में आपको किस तरह का जनसमर्थन मिल रहा है?

उर्मिला देवी : मुझे हर वर्ग से अच्छा समर्थन मिल रहा है। मतदाता विकास के नाम पर भरोसा जता रहे हैं और विश्वास के साथ वोट देने की बात कह रहे हैं।

प्रश्न : जनता आपको वोट क्यों करे?

उर्मिला देवी : मैंने राशन, आवास, पेंशन, पुल और बिजली जैसी बुनियादी जरूरतों पर काम किया है। जनता की समस्याओं को समझकर समाधान करना मेरी प्राथमिकता रही है, इसलिए लोग मुझ पर भरोसा कर रहे हैं।

प्रश्न : चुने जाने पर आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?

उर्मिला देवी : साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट और वेपर लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। शिकायत मिलने पर 24 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित करने का प्रयास रहेगा।

प्रश्न : वार्ड 34 के मतदाताओं से आपका संदेश क्या है?

उर्मिला देवी : किसी भी काम में करप्शन और दलाली नहीं होगी। यह चुनाव सिर्फ पार्षद की जीत का नहीं, बल्कि पूरे वार्ड की जनता जनार्दन की जीत का माध्यम बने।

वार्ड 34 की प्रत्याशी शाहिदा बीबी से बातचीत

देवघर। देवघर नगर निगम के वार्ड संख्या 34 में नगर निगम चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। इस वार्ड में बड़ी संख्या में मतदाता बुनियादी सुविधाओं, पारदर्शिता और सक्रिय जनप्रतिनिधि की उम्मीद कर रहे हैं। इन्हीं मुद्दों को लेकर वार्ड 34 की वार्ड पार्षद प्रत्याशी शाहिदा बीबी, पति असगर अंसारी से विशेष बातचीत की गई।

प्रश्न : जनता आपको वोट क्यों करे?

शाहिदा बीबी : मैं लगातार अपने क्षेत्र में काम कर रही हूं। गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा करना मेरी प्राथमिकता रही है। क्षेत्र में किसी को भी जरूरत पड़ती है तो एक कॉल पर 24 घंटे सेवा में पहुंचने का प्रयास करती हूं।

प्रश्न : आपके काम करने का तरीका क्या रहा है?

शाहिदा बीबी : मेरा प्रयास रहा है कि लोगों की समस्याएं सिर्फ सुनी न जाएं, बल्कि उनका समाधान भी हो। आम लोगों से सीधा संवाद रखकर उनकी जरूरतों के अनुसार काम किया गया है।

प्रश्न : अगर आप जीतती हैं तो आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?

शाहिदा बीबी : जीत के बाद मेरी प्राथमिकता सड़क, नाला, पानी, बिजली, स्वास्थ्य केंद्र, पुस्तकालय और हाई स्कूल जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करना होगा। इन सभी मुद्दों पर चरणबद्ध तरीके से काम किया जाएगा।

प्रश्न : निगम स्तर पर आप अपनी बात कैसे रखेंगी?

शाहिदा बीबी : बोर्ड मीटिंग में जब भी जरूरत होगी, वार्ड की समस्याओं को लगातार उठाया जाएगा, ताकि समाधान समय पर हो सके।

प्रश्न : आम नागरिकों से जुड़े मुद्दों पर आपका क्या रुख रहेगा?

शाहिदा बीबी : प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं में अगर कोई जरूरतमंद पात्र है तो उसे प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसे मामलों को निगम की बैठक में रखकर जल्द से जल्द समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।

वार्ड 35 में समस्याओं को लेकर बोले पार्षद प्रत्याशी राजेश दास

देवघर नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 35 में पार्षद पद के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। इस वार्ड से राजेश दास चुनावी मैदान में हैं। क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को लेकर उन्होंने स्पष्ट एजेंडा रखा है और जनता से बदलाव के नाम पर समर्थन मांगा है। बातचीत के दौरान उन्होंने पिछली दस वर्षों की कमियों का जिक्र करते हुए आगामी पांच वर्षों में लंबित कार्यों को पूरा करने का दावा किया।

सवाल : जनता आपको वोट क्यों करे?

जवाब : इस वार्ड से जनता ने ही मुझे खड़ा किया है। पिछले दस वर्षों तक जो प्रतिनिधि रहे, उन्हें आज भी लोग पहचान नहीं पाते। वार्ड में जो भी लंबित काम हैं, उन्हें मैं पांच वर्षों के भीतर पूरा करूंगा। मेरा मकसद काम के जरिए पहचान बनाना है।

सवाल : वार्ड की सबसे बड़ी समस्या क्या है?

जवाब : इस मोहल्ले से दुर्गापुर तक नाले का निर्माण सबसे बड़ी जरूरत है। दुर्गापुर मोहल्ले में सड़क और नल की गंभीर समस्या है, जिसे प्राथमिकता से बनवाया जाएगा। साथ ही पूरे वार्ड में मुख्य चौक-चौराहों पर डस्टबिन लगाए जाएंगे ताकि स्वच्छता में लोगों को परेशानी न हो।

सवाल : आपकी प्राथमिकताएं क्या होंगी?

जवाब : सड़क, नाली, बिजली और पानी मेरी प्राथमिकताएं हैं। वार्ड ड्राई जोन है, इसलिए जल संकट का समाधान सबसे पहले किया जाएगा।

सवाल : शिकायतों के समाधान के लिए आपकी क्या योजना है?

जवाब : चुनाव जीतने के बाद एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिसमें पूरे वार्ड की जनता जुड़ी रहेगी। किसी भी समस्या को संज्ञान में लेकर एक से दो दिन के भीतर समाधान की कोशिश होगी।

सवाल : जनता से सीधे संवाद कैसे होगा?

जवाब : वार्ड 35 के वार्ड विकास केंद्र में हर सप्ताह एक दिन बैठकर जनता की समस्याएं सुनी जाएंगी और समाधान किया जाएगा।

नोट : यह बातचीत वार्ड संख्या 32,34,35 के प्रत्याशियों से की गई विशेष बातचीत पर आधारित है। चुनावी आचार संहिता के तहत सभी प्रत्याशियों को समान अवसर उपलब्ध है।

मधुपुर को बांग्लादेश बनने से बचाना है तो भाजपा समर्थित प्रत्याशी को चुनें : निशिकांत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । नगर परिषद के अध्यक्ष पद के चुनाव ने अब पूरी तरह से राजनीतिक और वैचारिक मोड़ ले लिया है। गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने मधुपुर पहुँचकर भाजपा समर्थित उम्मीदवार मिति कुमारी के पक्ष में चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। कार्यकर्ताओं के साथ हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में सांसद ने बेहद आक्रामक रुख अपनाते हुए कई गंभीर आरोप लगाए और चुनावी समीकरणों को नया रुख दे दिया।

?सांसद निशिकांत दुबे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मधुपुर की जनसांख्यिकी और सुरक्षा के लिहाज से यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मधुपुर को बांग्लादेश बनने से बचाने के लिए यहाँ नगर परिषद में भाजपा समर्थित उम्मीदवार का होना बेहद जरूरी है। उनके इस बयान ने शहर के राजनीतिक हलकों में हलचल पैदा कर दी है।

?अपने संबोधन के दौरान उन्होंने हाल ही में हुई लालगढ़ की घटना का विशेष रूप से जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मधुपुर के विभिन्न क्षेत्रों में मंदिर बनाने और पूजा-अर्चना करने पर एक विशेष समुदाय द्वारा हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन और विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदुओं की आस्था पर प्रहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

?वहीं, पार्टी के भीतर की राजनीति पर भी सांसद ने कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पिछले चुनावों में पार्टी के ही कुछ कार्यकर्ताओं के भीतरघात के कारण हफीजुल हसन यहाँ से चुनाव जीत पाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चेतावनी भरे लहजे में एकजुट रहने की नसीहत दी और कहा कि इस बार किसी भी तरह की गुटबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

?निशिकांत दुबे के इन तीखे बयानों के बाद मधुपुर का चुनावी मुकाबला अब सीधे तौर पर ध्रुवीकरण की ओर बढ़ता दिख रहा है, जिससे दरख्शां परवीन और अन्य प्रत्याशियों के खेमों में भी हलचल बढ़ गई है।

देवघर को नशा मुक्त बनाना प्राथमिकता है जीरो टॉलरेंस नीति के तहत होगी कार्रवाई : एसपी

मासिक अपराध समीक्षा बैठक में एसपी ने दिए कड़े निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । जिले में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने और सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय के सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक सौरभ ने की। इसमें जिले के सभी थाना प्रभारी और वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अपराध की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। साथ ही नशे के बढ़ते कारोबार और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि देवघर को नशा मुक्त बनाना प्राथमिकता है और इसके लिए किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नशा तस्करों और माफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई होगी। इसे केवल अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली मुहिम के रूप में अंजाम दिया जाएगा। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय की जाएगी और कठोर कदम उठाए जाएंगे। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यह कानूनन अपराध है और इससे न केवल नाबालिग बल्कि अन्य लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है। अब यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते पकड़ा गया तो उसके साथ वाहन मालिक यानी अभिभावक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चालान के साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में आम नागरिकों से पुलिस से खुलकर संवाद करने की अपील की गई। किसी भी समस्या या सूचना के लिए सीधे संपर्क करने को कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिछले माह के लगभग 90 प्रतिशत आपराधिक मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। बैठक में सम्मान योजना के तहत 21 बुजुर्ग नागरिकों से पुलिस के सीधे संपर्क की जानकारी दी गई, ताकि उनकी सुरक्षा और जरूरतों पर तत्काल ध्यान दिया जा सके।पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया कि नशा और नाबालिग ड्राइविंग पर सख्त कार्रवाई से देवघर में भयमुक्त और सुरक्षित माहौल बनेगा, जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिलेगा।

तमिलनाडु के राज्यपाल पहुंचे देवघर

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि आज देवघर पहुंचे। उनके आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से औपचारिक स्वागत किया गया। डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक सौरभ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर राज्यपाल का अभिनंदन किया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। राज्यपाल के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर पहले से ही आवश्यक तैयारियां की गई थीं।

दो साइबर ठग गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी के निर्देश पर की गई कार्रवाई में पथरड्डा ओपी क्षेत्र के भुरा जंगल से दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी खुद को बैंक और सरकारी योजनाओं का कस्टमर केयर बताकर लोगों को फोन करते थे और तरह-तरह के झांसे देकर ऑनलाइन ठगी को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि पथरड्डा ओपी अंतर्गत भुरा जंगल में कुछ युवक संदिग्ध गतिविधियों में लगे हैं। सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों के आदेश से छापेमारी की गई, जहां से दो साइबर ठगों को पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में उनके मोबाइल और सिम कार्ड से ठगी से जुड़े कई साक्ष्य मिले हैं।

जांच में सामने आया है कि आरोपी खुद को फर्जी बैंक कस्टमर केयर या सरकारी पदाधिकारी बताकर कॉल करते थे। वे पीएम किसान योजना के लाभुकों को फर्जी लिंक भेजते थे और जानकारी हासिल कर खाते से पैसे निकाल लेते थे। इसके अलावा फोन पे और पेटीएम के कस्टमर केयर बनकर कैशबैक का लालच देते, गिफ्ट कार्ड बनवाकर उसे रिडीम करा लेते थे। कुछ मामलों में वे एयरटेल पेमेंट बैंक के नाम पर उपभोक्ताओं को झांसे में लेते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान प्रमोद कुमार रवानी 35 वर्ष और राम प्रसाद रवानी 21 वर्ष दोनों निवासी ठेंगाडीह, थाना पाथरोल, जिला देवघर के रूप में हुई है। उनके पास से दो मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किए गए हैं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है।

फांसी पर लटका मिला महिला का शव

देवघर। जिले के रिखिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मलहरा मोहल्ला में मंगलवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 30 वर्षीय महिला का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान मंजू देवी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना के कारणों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं, वहीं पुलिस हर पहलू से जांच में जुटी है।

निकाय चुनाव को लेकर बीएलओ को दिए गए निर्देश

मधुपुर । नगर निकाय चुनाव 2026 को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय हो गया है। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को एसडीओ राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मधुपुर नगर क्षेत्र के सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ राजीव कुमार सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण पर्व है और इसे शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी बीएलओ को अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया।

शिवरात्रि महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर में विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान तथा योगमाया मानवोत्थान ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत रंगभरो और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं के स्थानीय विजेताओं की घोषणा कर दी गई है। रंगभरो प्रतियोगिता के ग्रुप ए में संत माइकल एंग्लो विद्यालय की ईशा गुप्ता प्रथम रहीं। ग्रुप बी में एकलव्य पब्लिक स्कूल की वैष्णवी कुमारी सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में आदर्श प्लस टू हाई स्कूल, लाखोरिया के अजीत कुमार पंडित अव्वल रहे, जबकि ग्रुप डी (ओपन टू ऑल) में श्री श्री मोहनानंद प्लस टू स्कूल, तपोवन की क्षमा कुमारी ने प्रथम स्थान हासिल किया।

सड़क हादसे में तीन घायल

देवघर। जिले के देवघरदुमका मुख्य मार्ग पर घोरमारा हाईस्कूल के पास एक अज्ञात पीकअप वाहन ने ऑटो में जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में नगर थाना क्षेत्र के तिवारी चौक निवासी आरती सिन्हा, बिहार के मुजफ्फरपुर की काजल कुमारी और रवि रंजन घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों के अनुसार आरती सिन्हा तालझारी स्थित हरीहरपुर गांव में आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं। काम पूरा कर वह ऑटो से देवघर लौट रही थीं। उसी ऑटो में बासुकीनाथ से पूजा अर्चना कर लौट रहे मुजफ्फरपुर के श्रद्धालु भी सवार थे। इसी दौरान मोहनपुर थाना क्षेत्र के घोरमारा हाईस्कूल के पास पीछे से आए अज्ञात पीकअप ने ऑटो को टक्कर मार दी और भाग निकला।

होली : एर्नाकुलम-मुजफ्फरपुर के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन, मधुपुर समेत छह स्टेशनों पर ठहराव

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

मधुपुर । होली पर्व के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने एर्नाकुलम और मुजफ्फरपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 06085/06086एर्नाकुलम-मुजफ्फरपुर स्पेशल के रूप में संचालित होगी, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। रेलवे द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह स्पेशल ट्रेन एर्नाकुलम से मुजफ्फरपुर और मुजफ्फरपुर से एर्नाकुलम के बीच कुल 06-06 ट्रिप करेगी। इस ट्रेन का ठहराव आसनसोल मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, जामताड़ा, मधुपुर और जसीडीह में दोनों दिशाओं में होगा, जिससे झारखंड और पश्चिम बंगाल के यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। एर्नाकुलम से मुजफ्फरपुर स्पेशल (06085) यह ट्रेन 20 फरवरी से 27 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार को एर्नाकुलम से रात 21:30 बजे प्रस्थान करेगी और चौथे दिन यानी सोमवार को सुबह 07:30 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी।इस अवधि में ट्रेन कुल 06 फेरे लगाएगी। मुजफ्फरपुर से एर्नाकुलम स्पेशल (06086) वापसी में यह ट्रेन 23 फरवरी 2026 से 30 मार्च 2026 तक प्रत्येक सोमवार को मुजफ्फरपुर से रात 21:15 बजे प्रस्थान करेगी और चौथे दिन यानी गुरुवार को सुबह 10:30 बजे एर्नाकुलम पहुंचेगी। यह ट्रेन भी कुल 06 ट्रिप करेगी।यात्रियों को मिलेगी सभी प्रमुख श्रेणियों की सुविधा रेलवे ने इस स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए सामान्य द्वितीय श्रेणी (जनरल कोच) शयनयान श्रेणी स्लीपर क्लास वातानुकूलित श्रेणी (एसी कोच) की व्यवस्था की है, जिससे हर वर्ग के यात्री अपनी सुविधा अनुसार यात्रा कर सकेंगे।

मधुपुर समेत क्षेत्र के यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ

इस स्पेशल ट्रेन के मधुपुर, जामताड़ा, जसीडीह, चित्तरंजन, आसनसोल और दुर्गापुर में ठहराव होने से इन क्षेत्रों के यात्रियों को केरल और बिहार के बीच सीधी यात्रा की सुविधा मिलेगी। होली के दौरान घर आने-जाने वाले प्रवासी यात्रियों के लिए यह ट्रेन विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। रेलवे ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इस स्पेशल ट्रेन का लाभ उठाएं और अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं।

बांग्लादेश में नई सरकार गठन पर फुरकान अंसारी ने दी बधाई

मधुपुर । पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने बांग्लादेश में नई सरकार के गठन पर वहां की जनता और नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री तारीक रहमान को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र, भाषा, संस्कृति और जनस्वार्थ की ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि बांग्लादेश की जागरूक जनता ने अपने मतदान के माध्यम से देश की दिशा और दशा तय करने का मजबूत संदेश दिया है।जारी प्रेस विज्ञप्ति में फुरकान अंसारी ने कहा कि बांग्लादेश की जनता ने लोकतांत्रिक मूल्यों में अपना अटूट विश्वास दिखाया है और स्पष्ट कर दिया है कि देश में सांप्रदायिकता और कट्टरता की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वहां के मतदाताओं ने विकास, शांति, सामाजिक सौहार्द और समावेशी राजनीति को प्राथमिकता देते हुए अपना जनादेश दिया है। फुरकान अंसारी ने विशेष रूप से कहा कि इस चुनाव में जमाते इस्लामी की करारी हार यह दर्शाती है कि बांग्लादेश के लोग नफरत और विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकार चुके हैं।

रवि केशरी को बरनवाल समाज का समर्थन

देवघर संताल एक्सप्रेस । जसीडीह में अहिबरन सेवा सदन ट्रस्ट के तत्वावधान में स्थानीय बरनवाल बंधुओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें मेयर प्रत्याशी रवि केशरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरु गुरुप्रसाद एवं सचिव गुरुदेव प्रसाद बरनवाल ने जसीडीह नगर निगम क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने विशेष रूप से व्यापारी वर्ग की सुरक्षा, पेयजल की कमी, जर्जर सड़कों और नालों की समस्या पर चिंता जताई। इस पर रवि केशरी ने भरोसा दिलाया कि जनप्रतिनिधि बनने के बाद इन मूलभूत समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा और आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्रमुख प्रतिबद्धता है। रवि केशरी की बातों से संतुष्ट होकर उपस्थित बरनवाल बंधुओं ने उन्हें पूर्ण समर्थन देने का निर्णय लिया तथा तन, मन, धन से सहयोग कर विजयी बनाने का संकल्प व्यक्त किया। अधिवक्ता सुधीर कुमार ने भी समाज की ओर से समर्थन की घोषणा की। बैठक में ट्रस्ट पदाधिकारियों सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

बाबा बलियासे ने चलाया जनसंपर्क

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी बाबा बलियासे ने बिलासी स्थित अपने निजी आवास से सैकड़ों समर्थकों के साथ भव्य पदयात्रा निकाली। इस दौरान पूरे मार्ग में उत्साह, जोश और नारों की गूंज सुनाई दी। समर्थकों के साथ वे लक्ष्मीपुर चौक, एसबीआई रोड, मानसरोवर, शिवराम झा चौक होते हुए शिवगंगा पहुंचे। वहां से मंदिर पश्चिम द्वार, जलसा रोड मार्ग से पुनः अपने निवास स्थल लौटे। पदयात्रा के दौरान जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने उनका स्वागत किया। बाबा बलियासे ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए नगर विकास, स्वच्छता, पेयजल, सड़क और आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि नगर के समग्र विकास और पारदर्शी प्रशासन के लिए जनता का आशीर्वाद आवश्यक है। इस शक्ति प्रदर्शन को चुनावी माहौल में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पदयात्रा में बलसारा और चिरोड़ी क्षेत्र के समर्थकों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का अनूठा समन्वय देखने को मिला, जिससे समर्थकों का मनोबल और भी ऊंचा नजर आया।

सूरज झा ने शक्ति प्रदर्शन कर दिखायी ताकत

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर नगर निगम चुनाव को लेकर सियासी पारा चरम पर है। इसी क्रम में मेयर प्रत्याशी सूरज झा ने मंगलवार को भव्य आशीर्वाद यात्रा निकालकर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। पंडित शिवराम झा चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ यात्रा की शुरुआत हुई। इसके बाद काफिला मानसरोवर, शिवगंगा, लक्ष्मीपुर चौक, चांदनी चौक, शिक्षा सभा चौक, मुख्य बाजार, बुधराम शाह लेन, बिलासी, सीता होटल और हिंदी विद्यापीठ होते हुए पुनः शिवराम झा चौक पहुंचा। पूरे मार्ग में जनसैलाब उमड़ा रहा। युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया। जगह-जगह फूल-मालाओं, नारों और स्वागत समारोहों से माहौल उत्सवी बना रहा। आशीर्वाद यात्रा ने चुनावी मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है।

ज्योति झा ने चलाया जनसंपर्क अभियान साफ-सफाई व समग्र विकास को बनाया मुद्दा

देवघर संताल एक्सप्रेस । देवघर नगर निगम चुनाव नजदीक आते ही वार्ड 22 में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड 22 की प्रत्याशी ज्योति झा लगातार अपने क्षेत्र में सघन दौरा कर मतदाताओं से जनसंपर्क कर रही हैं। इस दौरान वे घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हो रही हैं। उन्होंने बताया कि वार्ड 22 के भौगोलिक परिसीमन के अनुसार सबसे बड़ी समस्या साफ-सफाई और नालों की जल निकासी की है, जो लगभग हर मोहल्ले में देखी जा रही है। खासकर चकश्रीमिश्र बांध और भुरभुरा इलाका वर्षों से उपेक्षित रहा है। ज्योति झा ने कहा कि पिछले 15 वर्षों में जिस तरह का विकास होना चाहिए था, वह नहीं हो पाया। उन्होंने दावा किया कि जनता इस बार परिवर्तन के मूड में है। यदि उन्हें मौका मिला तो चकश्रीमिश्र बांध और भुरभुरा के चौमुखी विकास को प्राथमिकता देंगी। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी सुरेशानंद झा, अधिवक्ता निरंजन मंडल, जयप्रकाश शर्मा, अधिवक्ता शमशेर सिंह सहित कई समर्थक उपस्थित थे।

कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर राजद ने दी श्रद्धांजलि

देवघर। राष्ट्रीय जनता दल देवघर इकाई की ओर से सामाजिक न्याय के पुरोधा और जननायक कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। समारोह में जिला अध्यक्ष डॉ. फणी भूषण यादव और मीडिया प्रभारी प्रमोद यादव ने कर्पूरी ठाकुर के सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने वंचित वर्गों के उत्थान और समान अवसर की लड़ाई को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और न्याय के मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में महिला जिला अध्यक्ष नेहा सिंह, मुखिया सह युवा नेता रामकृष्ण पासवान, छात्र नेता चंदन यादव, गिरधारी यादव, शिवनारायण रामानी सहित बड़ी संख्या में युवाओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि

1.उम्मीदवार का नाम - सुनीता देवी
2.क्षेत्र - साहिबगंज नगर परिषद वार्ड नंबर 17
3.सीट- महिला समान्य
4.प्रत्याशी परिचय- सुनीता देवी पति उपेंद्र राय पति पूर्व वार्ड पार्षद है.पति ने अपने कार्यकाल में वार्ड में विकास किया है और लोगों तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचा है. वे भी सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे का वादा कर रही है.
5.सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान.
जबाब - वार्ड में साफ सफाई की दिक्कत है, मेरे वार्ड पार्षद बनते ही प्रत्येक गली में झाड़ू लगवाना, नाली साफ सफाई ओर साथ साथ कूड़ा कचरा उठाव. सरकारी योजनाओं से वंचित लाभुकों वृद्धा पेंशन विधवा पेंशन मईया सम्मान योजना मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करूंगी .प्रधानमंत्री आवास योजना को चालू कराने के लिए पहला बोर्ड की बैठक में बात रखकर नगर विकास एवं आवास विभाग, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, प्रधानमंत्री को पत्राचार करूंगा. घर घर स्वच्छ पेयजल कनेक्शन करवाऊंगी.प्रत्येक गली में सोलर लाइट लगाने का प्रयास करूंगी. पेयजल की समस्या के समाधान के लिए वार्ड का सभी चापाकल की अनुमति करवाऊंगी.
6.सवाल- भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे.
जबाब- पहला बोर्ड की बैठक में ही सबके समक्ष ये मामला उठाऊंगी कि जनता से कोई भी कार्य के लिए एक रुपया भी कोई कर्मी नहीं लेगा और समय पर सभी का कार्य बिना लेन देन के हो. जो भी भ्रष्टाचार कमीशन का बात करेगा उसपर कार्रवाई हो.
7.सवाल- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - गरीबों के कल्याण मेरा पहला प्राथमिक है. मै खुद गरीबी में जन्मी हूं, गरीब परिवार का राशन कार्ड बनाकर सभी परिवार को समय पर राशन मुहैया कराना, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ त्वरित दिलाना. गरीबों का पक्का आवास बने इसके लिए प्रयास करूंगा. गरीबों के लिए मै हमेशा निस्वार्थ भाव से खड़ा रहूंगी. गरीब परिवारों को नगर परिषद से छोटा व्यवसाय करने के लिए 10 हजार तक का ऋण दिया जाता है, उसका लाभ दिलाकर रोजगार मुहैया कराएंगे.
8.सवाल- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे.
जबाब- जनता से हमारा व मेरे पति का सीधी भागीदारी हमेशा से रही है. मेरे पति सुबह उठने और रात को सोने से पहले वार्ड के बड़े छोटे भाई बहन, चाचा, चाची ,दादा, दादी के बीच सबके साथ हंसी खुशी बोलचाल रहना उठना बैठना करते है. हमलोग मिलजुल कर सुख दुःख में खड़ा रहते है.

जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि

1.उम्मीदवार का नाम - शंकर पासवान
2.क्षेत्र - साहिबगंज नगर परिषद वार्ड नंबर 24
3.सीट- एससी वार्ड पार्षद
4.प्रत्याशी परिचय- शंकर पासवान, पिता जीच्छु पासवान, जीरवाबाड़ी चानन, शैक्षणिक योग्यता- पॉलिटिकल साइंस से स्नातकोत्तर पास (मास्टर डिग्री)
5.सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान.
जबाब - वार्ड में साफ सफाई की दिक्कत है. नाली नहीं है. सोलर लाइट नहीं है. डिजिटल लाइब्रेरी नहीं है.मेरे वार्ड पार्षद बनते ही साफ सफाई व्यवस्था बेहतर कराएंगे. कूड़ा कचरा उठाव नियमित होगा. पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कराएंगे. सरकारी योजनाओं से वंचित लाभुकों वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मईया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करूंगा. छात्रों के जाति ,निवास, चरित्र, जन्म प्रमाण पत्र का त्वरित सत्यापन, खासमहाल भूमि में बंद पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना को चालू कराने के लिए पहला बोर्ड की बैठक में बात रखकर नगर विकास एवं आवास विभाग, मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, प्रधानमंत्री को पत्राचार करूंगा. घर घर स्वच्छ पेयजल कनेक्शन करवाऊंगा.
6.सवाल- भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे.
जबाब- बोर्ड की बैठक में ये मामला उठाऊंगा. जनता से प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, प्रमाण पत्र बनाने सहित किसी भी कार्य के लिए एक रुपया भी कोई कर्मी नहीं लेगा और समय पर सभी का कार्य बिना लेन देन के हो. जो भी भ्रष्टाचार, पैसा का लेन देन या कमीशन का बात करेगा उस पर कार्रवाई हो. वार्ड नंबर 24 भ्रष्टाचार मुक्त बनेगा.
7.सवाल- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - गरीबों का कल्याण ही मेरी पहली प्राथमिकता है. मै खुद गरीब परिवार से हुं. गरीबी को बचपन से देखता आया हुं .गरीब परिवार का राशन कार्ड बनाकर सभी परिवार को समय पर राशन मुहैया कराना. केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ त्वरित दिलाना. गरीबों का पक्का आवास बने इसके लिए प्रयास करूंगा. गरीबों के लिए मै हमेशा निस्वार्थ भाव से खड़ा रहूंगा. गरीब परिवारों को नगर परिषद से छोटा व्यवसाय करने के लिए 10 हजार तक का ऋण दिया जाता है. उसका लाभ दिलाकर रोजगार मुहैया कराएंगे. गरीब के हर बच्चा को स्कूली शिक्षा देंगे, छात्रों व महिलाओं को स्किल डेवलपमेंट से जोड़कर आत्मनिर्भर बनवाएंगे. शहर का विकसित मॉडल वार्ड बनाएंगे.
8.सवाल- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे.
जबाब- बचपन से ही अपना चानन कबूतरखोपी के बड़े छोटे से दोस्ताना रिश्ता है. सुबह उठने ओर रात को सोने से पहले वार्ड के बड़े छोटे भाई बहन चाचा चाची दादा दादी के बीच सबके साथ हंसी खुशी बोलचाल रहना उठना बैठना करते है. हमलोग मिलजुल कर सुख दुःख में खड़ा रहते है. चुनाव आज आया है.चुनाव से पहले ओर चुनाव के बाद भी हमारा रिश्ता सबके साथ पहले के जैसा दोस्ताना ही रहेगा.

जनता क्यों चुनें आपको अपना प्रतिनिधि

1.उम्मीदवार का नाम - धर्मवीर कुमार महतो
2.क्षेत्र - नगर पंचायत बरहरवा वार्ड 14 वार्ड पार्षद
3.सीट- ओबीसी टू
4.प्रत्याशी परिचय- धर्मवीर कुमार महतो पिता मणिलाल महतो ग्राम -लबदा
मैट्रिक पास छात्र सेवा से समाजसेवी तक की सफर पूरे वार्ड में विकास की गंगा बहाने की वादा.
5.सवाल-वार्ड की मुख्य समस्या एवं 100 दिनों का प्लान
जबाब -वार्ड में प्रत्येक दिन साफ -सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करना कुड़ा- कचरा हर रोज उठाव करना, सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक सीधा पहुंचाना गली- गली घर- घर जल नल योजना का लाभ दिलाना.
6.सवाल- भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी पर कैसे लगाम लगाएंगे.
जबाब- सरकारी योजना का लाभ सीधा जनता तक पहुंचने का काम करेंगे. कमीशन लेने वाले अधिकारी के विरोध लिखित शिकायत करेंगे.
7.सवाल- गरीबों के कल्याण के लिए आपकी क्या योजना है.
जबाब - गरीबों को चिन्हित कर सरकारी योजना का लाभ सर्वप्रथम दिया जाएगा. अगर मेरे वार्ड में कोई वैसा गरीब व्यक्ति है राशन की अभाव है तो उसका राशन कभी व्यवस्था करेंगे.
8.सवाल- जनता की सीधी भागीदारी कैसे सुनिश्चित करेंगे या सिर्फ चुनाव तक ही रिश्ते रहेंगे
जबाब- रिश्ता चुनाव के बाद भी जनता से बने रहेंगे सभी के दुख सुख में बिना आमंत्रण पहुंचेंगे.

युवक की सड़क दुर्घटना में आंध्र प्रदेश में मौत

साहिबगंज/उधवा- राधानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहाड़गांव गांव के एक प्रवासी मजदूर की आंध्रप्रदेश में सड़क दुर्घटना में समीर शेख (18) की मौत हो गई. घटना सोमवार की सुबह अनंतपुर जिले में हुई. जानकारी के अनुसार समीर शेख करीब चार महीने पूर्व रोज़ी-रोटी की तलाश में आंध्रप्रदेश के अनंतपुर स्थित केला बागान में मजदूरी करने गया था. आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाले समीर ने स्थानीय मदरसा से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी. लेकिन गरीबी के कारण आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख सका. परिवार की जिम्मेदारियों को संभालने के लिए कम उम्र में ही उसने कमाने का फैसला किया. बताया जाता है कि सोमवार सुबह समीर अपने चार-पांच साथियों के साथ केला लदी एक पिकअप वाहन से अनंतपुर बाजार की ओर जा रहा था. वाहन में जगह कम होने के कारण वह अपने दोस्तों के साथ गाड़ी के ऊपरी हिस्से पर बैठा था. रास्ता काफी खराब था. इसी दौरान चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाए जाने से संतुलन बिगड़ गया ।

शिक्षा सुधार व डिजिटल ट्रेनिंग को लेकर डीसी ने की समीक्षा, कम उपस्थिति पर दिया सख्त निर्देश

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
साहिबगंज - डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शिक्षा सुधार एवं शिक्षकों के डिजिटल प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता, विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा डिजिटल माध्यम से शिक्षकों के प्रशिक्षण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई.बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि शिक्षा एवं स्कूल अटेंडेंस के मामले में झारखंड के 24 जिलों में साहिबगंज का स्थान निचले पायदान पर है. जिसे डीसी ने निंदनीय बताया. उन्होंने सभी प्रखंडों के विद्यालयों की छात्र उपस्थिति रिपोर्ट की गहन समीक्षा की तथा कम उपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की.
डीसी ने संबंधित बीआरपी एवं सीआरपी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया तथा स्पष्ट कहा कि आगामी 15 दिनों के भीतर उपस्थिति में ठोस सुधार सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित अवधि में सुधार नहीं होने

पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सेवा मुक्त करने की कार्रवाई की जाएगी.साथ ही शिक्षकों के डिजिटल प्रशिक्षण को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा तकनीकी संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि शिक्षण व्यवस्था में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाया जा सके.बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बीआरपी एवं सीआरपी उपस्थित थे.

जनता दरबार में डीसी ने सुनी आमजनों की समस्या

जिला समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में डीसी हेमंत सती ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए. इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएंगा.इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए. जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे. ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें.साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें. ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके.

मां की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई बेटी अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में हुई मौत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
उधवा- राधानगर थाना क्षेत्र के बाबुटोला गांव में सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई. जहां कुछ ही घंटों के अंतराल में मां और बेटी दोनों की मौत हो गई.जानकारी के अनुसार बाबुटोला निवासी मजीद शेख की पत्नी हजेफा बीबी लंबे समय से बीमार चल रही थीं. सोमवार की सुबह उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्होंने अंतिम सांस ली. मां के निधन की खबर जैसे ही उनकी विवाहित पुत्री नफीसा खातून को मिली. वह अपने ससुराल पहाड़गांव से मायके पहुंची.मां के पार्थिव शरीर को देखते ही नफीसा खातुन (32 वर्ष) गहरे सदमे में आ गई और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं. परिजनों ने तत्काल उनकी हालत को गंभीर देखते हुए इलाज के लिए पश्चिम बंगाल के धुलियान ले जाने का निर्णय लिया. रास्ते में फरक्का के समीप उनकी तबीयत और बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया. परिवार के सदस्यों ने बताया कि नफीसा को अचानक लकवे जैसा अटैक पड़ा था. जिसके कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई. एक ही दिन में मां-बेटी की मौत की खबर फैलते ही गांव में मातम पसर गया.एक साथ दो जनाजे उठने का दृश्य देख हर किसी की आंखें नम हो गई.

साहिबगंज में डॉल्फिन मृत पाई गई

साहिबगंज-साहिबगंज जिले के राजमहल काली घाट गंगा नदी तट पर मंगलवार की सुबह डॉल्फिन वाचर गंगा तट पर गश्त लगा रहे थे इसी दौरान उसे गंगा तट पर एक डॉल्फिन जाल में फंसी पड़ी मिली.जांच करने पर डॉल्फिन मृत पाई गई.उन्होंने तुरंत मामले की जानकारी वन क्षेत्र पदाधिकारी को दी. सूचना मिलते ही वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे, वनरक्षी पप्पू यादव,इंद्रजीत कुमार दार, वाचर राजेश ठाकुर, श्याम कुमार रविदास टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन करते हुए मृत डॉल्फिन को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये तालझारी वन कार्यालय लेकर पहुंचे. जहां डीएफओ प्रवल गर्ग, सीओ सह बीडीओ राम सुमन प्रसाद व वन क्षेत्र पदाधिकारी पंचम दुबे की मौजूदगी में पशु चिकित्यक डॉ उमेश कुमार, उधवा के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी शिवेद्र प्रताप सिंह ने मृत डॉल्फिन के शव का पोस्टमार्टम किया. डीएफओ प्रवल गर्ग ने बताया कि मुत डॉल्फिन के शव का बिसरा फोरेंसिक जांच के लिए संग्रह किया गया है.बिसरा का सैंपल जांच के लिए रांची भेजा जाएगा. मृत डॉल्फिन 4 फीट लंबा और लगभग 35 किलो वजनी थी. डॉल्फिन का दाह संस्कार कर दिया गया.

मारपीट करने की प्राथमिकी दर्ज

संताल एक्सप्रेस संवाददाता
मंडरो- मिर्जाचौकी थाना कांड संख्या 19/ 2026 के मामले को लेकर मंगलवार को थाना क्षेत्र के बड़तल्ला मिर्जाचौकी निवासी अमित कुमार साह के द्वारा मारपीट कर घायल कर देने के मामले को लेकर मिर्जाचौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.जिसमें उन्होंने राहुल गुप्ता, अशोक गुप्ता, गोलू कुमार,अजय यादव सभी महादेववरन ग्राम वासी पर प्राथमिकी दर्ज कर मारपीट कर घायल कर देने के मामले की जांच कराने को लेकर प्राथमिक दर्ज कराई है. थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के द्वारा प्राथमिक दर्ज कर आगे कार्रवाई के लिए जुट गई है.

संघन टिकट जांच अभियान में बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों से 52,100 रुपया जुर्माना वसूला

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज- मालदा रेल मंडल के डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता के निर्देश का आलोक में मंगलवार को मालदा मंडल में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए संघन टिकट जांच अभियान गया. रेलवे न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल कुमार की मौजूदगी में साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर एक विशेष मजिस्ट्रेट टिकट जांच अभियान चलाया गया.यह अभियान मालदा के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह की देखरेख में, वाणिज्य निरीक्षक, टिकट जांच कर्मचारियों और रेलवे सुरक्षा बल के सक्रिय समन्वय और भागीदारी के साथ चलाया गया ताकि रेलवे टिकट नियमों और विनियमों का प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित किया जा सके. संघन टिकट जांच अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, बिना बुकिंग के सामान और कूड़ा-करकट फैलाने सहित कुल 97 अनियमित यात्रा के मामले पकड़े गए. जिसमे 52,100 रुपया जुर्माना वसूला गया.

पूर्व मध्य रेल

ई-ऑक्शन खोबोर सं.: DHN-MPS-19-2026

भारत रेन राष्ट्रपति सेच् खोन मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद होतेते मोंड़े (05) बोछोर सोमोय लागित् धनबाद मंडल तारी रे A1, A, D आर E स्टेशन रे मल्टी पर्पस स्टाल लागित् ई ऑक्शन नेवतायेत् काना। पुराउ बानाडाय दो नोडका लेका मेनाक्आ:- **क्र.सं. 1: ठिका रेयाक् किसिमः** MPS, **लॉट संख्याः** MPS-DHN-DHN-MPS-45, **स्टेशनः** धनबाद, **श्रेणीः** अनारक्षित, **पी.एफ नंबरः 08, स्टाल नं.:** 11, **क्र.सं. 2: ठिका रेयाक् किसिमः** MPS, **लॉट संख्याः** MPS-DHN-RAY-MPS-56, **स्टेशनः** राय, **श्रेणीः** अनारक्षित, **पी.एफ नंबरः 01, स्टाल नं.: 01, क्र.सं. 3: ठिका रेयाक् किसिमः** MPS, **लॉट संख्याः** MPS-DHN-KQR-MPS-97, **स्टेशनः** कोडरमा, **श्रेणीः** एफएफडब्लू, **पी.एफ नंबरः** न्यू स्टेशन बिल्डिंग, **स्टाल नं.:** 04, **क्र .सं. 4: ठिका रेयाक् किसिमः** MPS, **लॉट संख्याः** MPS-DHN-KQR-MPS-95, **स्टेशनः** कोडरमा, **श्रेणीः** अनारक्षित, **पी.एफ नंबरः** 2/3, **स्टाल नं.:** 02, **क्र.सं. 5: ठिका रेयाक् किसिमः** MPS, लॉट संख्याः MPS-DHN-PNME-MPS-98, **स्टेशनः** पारसनाथ, **श्रेणीः** एस.टी. (महिला), **पी.एफ नंबरः** 3/4, स्टाल नं.: 02, **क्र.सं. 6: ठिका रेयाक् किसिमः** MPS, **लॉट संख्याः** MPS-DHN-NGRH-MPS-93, **स्टेशनः** न्यू गिरिडीह, **श्रेणीः** अनारक्षित, **पी.एफ नंबरः** 01, स्टाल नं: 01, **जोतो लॉट लागित् ई. नीलामी रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 28.02.2026, 15:00 बजे खोन। **Catalogue No:- DHN-MPS-19-20,** Website **www.ireps.gov.in Note:** (1) The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. (2) Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non refundable) Online submission of one time registration is required and also having current account linked to IREPS, Payment/Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. (3) Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal **(www.ireps.gov.in)**. (4) Railway administration reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason whatsoever.

मंडल रेल, प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल धनबाद
पीआर/1795/डीएचएन/एन/25-26/68

एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण का आयोजन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल -राजमहल प्रखंड सभागार में मनरेगा के तहत् एक दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ ने प्रशिक्षण में आये सभी ग्राम रोजगार सेवक, बागवानी सखी और बीएफटी को बागवानी योजना के क्रियान्वयन में निगरानी हेतु आवश्यक कार्य करने का निर्देश दिया. प्रशिक्षक के रूप में बीपीओ गगन बापू, कनीय अभियंता मो एहसानुल जमील, सोनू कुमार ने सभी को बागवानी योजना से संबंधित बागवानी सखी ऐप के माध्यम से योजना की गुणवत्ता और क्रियान्वयन प्रक्रिया के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया. इस क्रम में नए किसान का चयन, योजना के चयन पूर्व की गतिविधि, गड्ढा खुदाई के समय, पौधा रोपाई के समय और पौधा रोपाई के बाद की विभिन्न बिंदु पर चर्चा की. बागवानी सखी द्वारा सभी योजना का भौतिक रूप से स्थल जांच कर ऐप के माध्यम से डेटा अपलोड करना है. इससे बागवानी योजना की उत्तरजीविता पर सकारात्मक प्रभाव होगा. इस दौरान बीपीओ श्वेता, गगन बापू, सहायक अभियंता विकास कुमार चौधरी, कनीय अभियंता मो एहसानुल जमील, दीपनारायण मंडल,जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक राजेश कुमार, लेखा सहायक मो सोहर वर्दी,ग्राम रोजगार सेवक धर्मेंद्र कुमार उपस्थित थे.

जिरुल से करमाटांड़ बायपास पथ निर्माण कार्य को रद्द करने को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

बोरियो-बोरियो अंचल क्षेत्र अंतर्गत पथरा गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार पथ प्रमंडल साहिबगंज अंतर्गत करमाटांड़ मोहनपुर से जिरुल तक बायपास सड़क चौड़ीकरण कार्य को रद्द करने को लेकर साहिबगंज अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर सड़क चौड़ीकरण कार्य को रद्द करने की मांग किया है. ग्रामीणों ने बताया कि जिरुल से लेकर करमाटांड़ मोहनपुर तक बायपास सड़क कार्य की स्वीकृति की गई है. उसमे बायपास सड़क के जगह पुराने सड़क पर ही चौड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं पूर्ण निर्माण कार्य किया जाय. ग्रामीणों ने बताया कि बायपास सड़क की जो मानचित्र बनाई गई है. वह ग्रामीणों की खेती योग्य जमीन है. जिसके वजह से ग्रामीणों के कई जमाबंदी रैयत भूमिहीन हो रहे है. जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है. ग्रामीणों ने सरकार एवं विभाग द्वारा लिए गए फैसले को वापस लेने का मांग किया है. मौके पर रतन मरांडी, दिलीप मलतो, मानवेल किस्कु, संतु मलतो, छोटो सोरेन, अरबिंद सोरेन, जोगेंद्र किस्कु, नरसिंह मरांडी, होपना हेम्ब्रम, जोहन किस्कु, जितराय मुर्मू, पखत किस्कु, सोलेमान किस्कु, कोलेशचंद्र किस्कु, महेश्वर मलतो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

कार्यालय : जिला पशुपालन पदाधिकारी, देवघर

वित्तीय वर्ष- 2025–26, देवघर जिला अन्तर्गत प्रस्तावित विशेष पशु चिकित्सा शिविर द्वितीय चरण की सूची : -

जिला :– देवघर
प्रखण्ड :– सारठ

क्र0 सं0	दिनांक	प्रखण्ड	पंचायत का नाम	ग्राम का नाम	पशु चिकित्सक का नाम	पदनाम	अभियुक्ति
1	18.02.2026	सारठ	सारठ	मोदीबांध फसियाबाद	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
2	19.02.2026	सारठ	केंचुआबांक	त्योधरा मिश्राडीह	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
3	20.02.2026	सारठ	झिलुआ	महेशलिटी फुलडोभा	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
4	21.02.2026	सारठ	सबैजोर	देवली जोगियाटिकुर	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
5	22.02.2026	सारठ	बगडबर	हरिपुर टवैरा	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
6	23.02.2026	सारठ	बभनगामा	बाँधडीह दोंदवाडीह	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
7	24.02.2026	सारठ	सघरिया	कालीजोत करमा	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
8	25.02.2026	सारठ	जमुआसोल	जमुनियाँ टांड गोपलारायडीह	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
9	26.02.2026	सारठ	फुलचुंवा	छाताकुरूम विशुनपुर	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
10	27.02.2026	सारठ	डिंडाकोली	लक्ष्मणडीह रानाबाँध	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
11	28.02.2026	सारठ	शिमला	श्रीडंगाल लोकपुर	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
12	01.03.2026	सारठ	ठाड़ी	दुधीचुंवा चिकिनियाँ	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	
13	02.03.2026	सारठ	चित्तरा	भवानीपुर नावाडीह	डॉ0 प्रमोद कुमार	भ्र0पशु0चि0पदा0, सारठ	

जिला पशुपालन पदाधिकारी, देवघर
PR 373138 Deoghar (25-26)_D

संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, दुमका।

ऑटोरिक्शा वाहन स्वामियों के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सभी ऑटो रिक्शा के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि संताल परगना प्रमंडल के सभी जिलों में निबंधित ऑटो रिक्शा की संख्या के अपेक्षाकृत परमिट निर्गमन की संख्या बहुत कम है। ऑटो रिक्शा के परिचालन बिना परमिट का किया जाना वैध नहीं है। ऑटो रिक्शा वाहन स्वामियों को परमिट प्राप्त करने के निमित संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार कार्यालय, दुमका तथा अपने– अपने स्थानीय जिला परिवहन कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। माह फरवरी–2026 में शिविर का कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित है:–

क्र0 सं0	शिविर का कार्य दिवस (माह फरवरी 2026 के लिए)	शिविर का स्थान
1.	23.02.2026, 24.02.2026 एवं 25.02.2026	जिला परिवहन कार्यालय, दुमका।
2.	23.02.2026, 24.02.2026 एवं 25.02.2026	जिला परिवहन कार्यालय, देवघर।
3.	23.02.2026, 24.02.2026 एवं 25.02.2026	जिला परिवहन कार्यालय, पाकुड़।
4.	23.02.2026, 24.02.2026 एवं 25.02.2026	जिला परिवहन कार्यालय, गोड्डा।
5.	23.02.2026, 24.02.2026 एवं 25.02.2026	जिला परिवहन कार्यालय, साहेबगंज।
6.	23.02.2026, 24.02.2026 एवं 25.02.2026	जिला परिवहन कार्यालय, जामताड़ा।

बिना परमिट वाले ऑटो रिक्शा वाहन स्वामी उपरोक्त तिथि को निर्धारित स्थान/कार्यालय में वाहन के सभी अद्यतन मान्य कागजात यथा:– निबंधन पुस्तिका, टैक्स, दुरूस्ती, बीमा एवं प्रदूषण इत्यादि के साथ पहुँचकर परमिट हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

ऑटो रिक्शा वाहन स्वामियों द्वारा बिना वैध परमिट परिचालन करते पकड़े जाने पर वाहन को जप्त कर उनके विरूद्ध मोटरवाहन अधिनियम–1988 के सुसंगत धाराओं के तहत् दण्ड शुल्क की वसूली/काली सूची **(Blacklisted)** में दर्ज करने की कार्रवाई की जायेगी।

(शैलेन्द्र कुमार रजक)
उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव
संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन, प्राधिकार दुमका।
PR 373170 Transport(25-26)D

साहेबगंज समाहरणालय
नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026
(विधि–व्यवस्था एवं आदर्श आचार संहिता कोषांग)
–: आदेश :–

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखंड, रॉची द्वारा जारी प्रेस नोट, संसूचित ज्ञापांक–03नि0–30/2013 रा0नि0आ0 187/रॉची, दिनांक–27.01.2026 द्वारा झारखंड राज्य में नगर निकाय चुनाव हेतु निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया है, जिसके अनुसार साहेबगंज जिला में नगर निकाय चुनाव दिनांक–23.02.2026 को निर्धारित है।

राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–03नि0न0/11/2025 रा0नि0आ0–236, दिनांक–30.01.2026, तदनुसार उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के पत्र सं0–01/नीति–40–20/2012(खंड–2)–440, दिनांक–13.02.2026 में दिये गये निदेश के आलोक में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए संबंधित नगर निकाय क्षेत्र में मतदान के लिए नियत समय की समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति के अगले दिन प्रातः 07:00 बजे तक की अवधि को ड्राई–डे (शुष्क दिवस) घोषित करते हुए शराब के प्रयोग एवं बिक्री को पूर्णरूपेण प्रतिबंधित किया जाना है।

अतः मैं, जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त, साहेबगंज, बिहार उत्पाद अधिनियम– 1915 (झारखंड सरकार द्वारा अंगीकृत) की धारा 26 एवं उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार के अधिसूचना (झारखंड उत्पाद–मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली–2025 के अध्याय–6 अन्तर्गत क्रमांक–29 के (i) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर निकाय चुनाव–2026 के अवसर पर स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण मतदान कराने एवं जन–शांति बनाये रखने हेतु निम्न आदेश देता हूँ :–

1) दिनांक–21.02.2026 के 05:00 बजे अपराह्न से दिनांक–24.02.2026 को प्रातः 07:00 बजे तक नगर परिषद क्षेत्र, साहेबगंज/नगर पंचायत क्षेत्र, राजमहल एवं बरहरवा में ड्राई–डे (शुष्क दिवस) घोषित करता हूँ।

2) उक्त अवधि के दौरान किसी होटल/रेस्तरां/क्लब या अन्य ऐसे प्रतिष्ठान में शराब की न तो बिक्री जा सकेगी और न ही उपलब्ध कराया जा सकेगा।

3) भोजनालय, दुकान या किसी अन्य सार्वजनि

हिंजला़ मेला रे कवि सम्मेलन ओराम एना, संताली साँव साँवते आर आर पा़रसी ते हों ओ़नो़ड़हेंको पाठ केदा

जो़तो़ ओ़नो़ड़हिया़ गे स्मृति चिन्ह एम चाल कातेको मान मानो़त केत्कोआ

खोबोरिया

